




दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-42 सीहोर, रविवार 30 मार्च 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## भूकंप से तबाही: चौतरफा बिखरी पड़ी हैं लाशें, 1000 से अधिक लोगों की मौत



नायपीडो(ए.)। बीते रोज म्यामांर में आए भीषण भूकंप ने 1000 से ज्यादा लोगों की जान ले ली है। तबाही इतनी ज्यादा हुई कि घर और कई इमारतें कचरे का ढेर बन गईं। 7.7 की तीव्रता वाला शक्तिशाली भूकंप के तेज झटकों में कई इमारतें गिर गईं। इसके कारण अब तक करीब 1000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक 1000 मौत की पुष्टि हो चुकी है। मौत का आंकड़ा 10 हजार तक पहुंच सकता है। भूकंप के कारण थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भी इमारतों के मिट्टी में मिलने की घटना देखी गई। एक निर्माणाधीन 30 मंजिला इमारत गिर गई। इसमें भी कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने म्यांमार और थाईलैंड में भीषण भूंकप के कारण उत्पन्न स्थिति पर चिंता जताई और कहा कि इस घड़ी में भारत दोनों देशों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। भारत की तरफ से वहां के लिए राहत सामग्री भी भेजी गई है। भारत के पश्चिम बंगाल और मणिपुर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यांमार के वरिष्ठ जनरल से की बात, कहा- मुश्किल वक्त में भारत साथ खड़ा है

नई दिल्ली,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग ह्लाइंग से बात की। उन्होंने कहा कि भारत इस मुश्किल घड़ी में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। एक्स पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा, म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग ह्लाइंग से बात की। विनाशकारी भूकंप में हुई मौतों पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। एक करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में, भारत इस मुश्किल घड़ी में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, खोज और बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से भेजा जा रहा है। म्यांमार और पड़ोसी थाईलैंड में शुक्रवार को उच्च तीव्रता वाला भूकंप आया, जिससे इमारतें, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे नष्ट हो गए।



टेंट, कंबल, स्लीपिंग बैग, भोजन के पैकेट, स्वच्छता किट, जनरेटर और आवश्यक दवाओं सहित 15 टन राहत सामग्री की पहली खेप यांगून पहुंची।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रदेश के वृद्ध मराठी समाज द्वारा गुड़ी पड़वा के उपलक्ष में मुख्यमंत्री निवास सभागार में स्वागत अभिनन्दन किया।

### गृहमंत्री शाह ने बताई जस्टिस यशवंत वर्मा पर एफआईआर नहीं होने की वजह

नई दिल्ली(ए)। दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर कैश मिलने के मामले में पूरे देश में हलचल है। सुप्रीम कोर्ट से संसद तक इस कैश कांड की गूंज सुनाई दी। सुप्रीम कोर्ट ने तो यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका ही खारिज कर दी। सबके मन में सवाल है कि आखिर जस्टिस यशवंत वर्मा के घर अनगिनत कैश मिले तो एफआईआर दर्ज करने में देरी क्यों हो रही है? इसका जवाब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने खुद दिया है।एक कार्यक्रम में शाह ने जस्टिस यशवंत वर्मा कैश कांड पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अनुमति के बाद ही एफआईआर दर्ज की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि जजों का एक पैनल मामले को देख रहा है और उसकी रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिए। जस्टिस वर्मा के आवास से नकदी बरामदगी के मामले पर बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि सीजेआई संजीव खन्ना ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले में बताई गई प्रक्रिया के तहत मामले का संज्ञान लिया और जांच के लिए जजों की एक समिति का गठन किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस और दमकल विभाग समिति द्वारा मांगे गए सभी दस्तावेज मुहैया करा रहे हैं। वे जांच में सहयोग कर रहे हैं।

## सुकमा में पुलिस-नक्सली मुठभेड़: 16 नक्सली ढेर, भारी मात्रा में हथियार बरामद



सुकमा(ए)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा के गोगंडा पहाड़ी में आज सुबह से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ में अब तक 16 नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है, जबकि दो जवानों को मामूली चोटें आई हैं। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से एके-47, एसएलआर, इंसास राइफल, .303 राइफल, रॉकेट लॉन्चर और बीजीएल लॉन्चर समेत भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की है। सूत्रों के मुताबिक, 28 मार्च 2025 को जिला सुकमा के थाना केरलापाल क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर डीआरजी और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। 29 मार्च की सुबह 8 बजे से ही मुठभेड़ जारी है और सुरक्षा बल लगातार इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ सरकार और सुरक्षा बल निर्णायक लड़ाई लड़ रहे हैं, जिसका लक्ष्य 31 मार्च 2026 तक बस्तर को नक्सल मुक्त बनाना है। इस अभियान में बस्तर पुलिस, डीआरजी, बस्तर फाइटर, सीआरपीएफ, कोबरा और बीएसएफ जैसे सुरक्षा बलों की संयुक्त भूमिका है। भाजपा सरकार बनने के बाद अब तक 63 मुठभेड़ों में 333 नक्सली मारे जा चुके हैं, जिसमें आज की कार्रवाई के आंकड़े भी शामिल हैं।

## ईद पर दिल्ली और मुंबई में हो सकते हैं हिंदू-मुस्लिम दंगे, बम विस्फोट की भी चेतावनी; प्रशासन में मचा हड़कंप



नई दिल्ली (आरएनएस)। ईद के दौरान दिल्ली और मुंबई में बम विस्फोट व दंगों की चेतावनी मिली है। सोशल मीडिया में एक पोस्ट के माध्यम से पुलिस को चेतावनी दी गई है। मुंबई में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पोस्ट में कहा गया है कि 31 मार्च और 1 अप्रैल को ईद के दौरान कुछ विशेष क्षेत्रों में हिंदू-मुस्लिम दंगे, आगजनी और बम विस्फोट हो सकते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक पोस्ट में नवी मुंबई पुलिस के हैंडल को टैग किया गया। इसमें चेतावनी डोंगरी जैसे इलाकों को लेकर जारी की गई। कहा गया कि यहां कुछ अवैध रोहिंग्या, बांग्लादेशी या पाकिस्तानी घुसपैठियां ऐसी हरकत को अंजाम दे सकते हैं। पोस्ट के बाद नवी मुंबई में पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है।फ्री प्रेस जर्नल के मुताबिक साइबर सेल सोशल मीडिया पोस्ट करने वाले व्यक्ति की जानकारी जुटाने में लगा है। तकनीकी जांच की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक डोंगरी इलाके में पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है। अभी तक कुछ भी संदिग्ध गतिविधि नहीं मिली है।

पुलिस ने कहा कि मुंबई पुलिस के जवानों के अलावा अपराध शाखा, आतंकवाद निरोधक दस्ता और विशेष शाखा की कड़ी निगरानी में हैं। मुंबई पुलिस ने लोगों को आश्वासन दिया है कि सख्त सुरक्षा उपाय अपनाए गए हैं। स्थिति पर बारीकी से नजर हैं और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कानून-व्यवस्था बनी रहे।

शख्स ने पोस्ट किया, 'मुंबई पुलिस सतर्क रहें! 31 मार्च-1 अप्रैल 2025 को ईद के दौरान कुछ अवैध रोहिंग्या/बांग्लादेशी/पाकिस्तानी घुसपैठिए, जो डोंगरी जैसे इलाकों में रहते हैं, हिंदू-मुस्लिम दंगे, आगजनी व बम धमाके कर सकते हैं।' नवी मुंबई पुलिस ने पोस्ट का जवाब दिया और लिखा कि संपर्क करने के लिए धन्यवाद। कृपया अपने पोस्ट के संबंध में अधिक जानकारी के लिए अपना मोबाइल नंबर भेजें।मुंबई पुलिस को चेतावनी जारी करने वाले व्यक्ति ने ही दिल्ली सरकार को भी अलर्ट किया है। उसने अपने एक्स पोस्ट में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता, दिल्ली और यूपी पुलिस को टैग किया।

## सरकार 'विरासत से विकास' की रणनीति पर कर रही है काम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### विक्रमादित्य महानाट्य का आयोजन 12 से 14 अप्रैल तक दिल्ली में होगा

भोपाल (ए)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जड़ों से जुड़े रहकर ही विकास संभव है। इस उद्देश्य से प्रदेश



सरकार 'विरासत से विकास' की रणनीति पर काम कर रही है। प्रदेश में सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज का गौरवशाली इतिहास रहा है। इन महानायकों के पराक्रम और विशेषताओं को जनता के बीच लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार धार्मिक पर्यटन को विशेष महत्व दे रही है। शासन की व्यवस्थाओं और योजनाओं से वर्ष 2028 में उज्जैन में आयोजित होने वाला सिंहस्थ महाकुंभ अदभुत होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दिल्ली में एक निजी समाचार चैनल के 'सत्ता सम्मेलन कार्यक्रम' को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 2000 वर्ष पूर्व सम्राट विक्रमादित्य ने नवरत्नों द्वारा शासन की व्यवस्थाओं का संचालन कर गणतंत्र आधारित सुशासन स्थापित किया। सम्राट विक्रमादित्य ने अपने राज्य में जनता का कर्ज माफ कर विक्रम संवत का परावर्तन भी किया।

## भगवा झंडा हटाने पर हिंदू संगठन का हंगामा, CMO के मुंह पर पोती कालिख

दमोह (ए)। मध्य प्रदेश के दमोह जिले में चैत्र नवरात्रि और रामनवमी के मौके पर घंटाघर पर भगवा झंडे और भगवान श्रीराम के पोस्टर लगाने को लेकर शुरू हुआ विवाद बढ़ता जा रहा है। हिंदूवादी संगठन के लोगों ने नगरपालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) प्रदीप शर्मा के चेहरे पर कालिख पोत दी। इस घटना को जिला प्रशासन और पुलिस ने दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है।दरअसल, हिंदूवादी संगठनों ने शहर के घंटाघर पर भगवान श्रीराम के पोस्टर और भगवा झंडे लगाकर साज-सज्जा की थी। लेकिन नगरपालिका सीएमओ प्रदीप शर्मा ने इसे हटाने के लिए नपा कर्मियों को आदेश दिए और घंटाघर से झंडे और पोस्टर हटवा दिए। इससे नाराज हिंदूवादी संगठन के लोगों ने पहले



प्रदर्शन किया और फिर सीएमओ के घर पहुंचकर उनके मुंह पर कालिख पोतकर अपना विरोध जताया।इस घटना पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा, यह निस्संदेह एक बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हमने एक जांच समिति गठित की है और आज ही संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। हमने लोगों से अनुरोध किया है कि अगर उनके पास इस मामले से जुड़ा कोई सबूत है, तो उसे हमारे सामने पेश करें। हमारा लक्ष्य 10 अप्रैल तक जांच पूरी कर निश्चित निष्कर्ष पर पहुंचना है।वहीं, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा, यह घटना कुछ देर पहले की है। बीती रात और आज सुबह घंटाघर पर सजावट हटाने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। कुछ लोगों ने नगर निगम सीएमओ के चेहरे पर कालिख पोतकर विरोध दर्ज किया, जो बेहद निंदनीय है।




### हाइवे पर कार में गर्लफ्रेंड संग कांस्टेबल कर रहा था ये सब, बिना कपड़ों के वीडियो वायरल

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजस्थान के जालौर जिले से एक कांस्टेबल की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसमें कांस्टेबल हनुमान एक कार में एक महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में नजर आ रहा है।

कार में दोनों को ग्रामीणों ने अश्लील हरकत करते हुए पकड़ लिया। महिला कार में बिना कपड़ों के थी। जानकारी के अनुसार, कांस्टेबल हनुमान राम हाइवे किनारे स्विफ्ट कार के अंदर अपनी गर्लफ्रेंड के साथ अश्लील हरकत कर रहा था। इस दौरान हाइवे से गुजर रहे राहगीरों ने दोनों का वीडियो बना लिया। इसके बाद कार को घेरते हुए ग्रामीणों ने हंगामा किया। जालौर एसपी ने वीडियो की पुष्टि की है। उन्होंने आरोपी कांस्टेबल के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी है। वीडियो संज्ञान में आने पर एसपी ने कड़ी कार्रवाई करते हुए कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया है।

## जज के दरवाजे पर कैश: चंडीगढ़ कैश कांड मामले में 17 साल बाद फैसला, पूर्व जस्टिस निर्मल यादव बरी

चंडीगढ़ (ए)। सीबीआई की विशेष अदालत ने शनिवार को पूर्व जस्टिस निर्मल यादव को 2008 के दरवाजे पर कैश कांड मामले में बरी कर दिया। विशेष सीबीआई जज अलका मलिक की अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत पेश करने में विफल रहा। दरअसल, पूर्व जस्टिस निर्मल यादव पर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में जज रहते हुए 2008 में 15 लाख रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगा था। इस मामले में कुल पांच आरोपी थे, जिनमें से एक की पहले ही मौत हो चुकी है। अदालत ने बीते गुरुवार को अंतिम दलीलें सुनने के बाद आज फैसला सुनाने की



तारीख तय की थी।यह मामला 17 साल पहले तब सामने आया था जब जस्टिस निर्मलजीत कौर, जो उस समय हाईकोर्ट की जज बनी थीं, के दरवाजे पर गलती से नोटों से भरा एक पैकेट पहुंच गया था। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया, जिससे इस कथित रिश्वतखोरी का खुलासा हुआ। इस मामले में जस्टिस निर्मल यादव और हरियाणा के तत्कालीन अतिरिक्त महाधिवक्ता संजीव बंसल पर केस दर्ज किया गया था, जिनकी कुछ साल पहले मृत्यु हो गई थी।इस मामले में 89 गवाहों के बयान दर्ज किए गए और 12 गवाहों को दोबारा बुलाया गया था। लंबी सुनवाई के बाद, सीबीआई की विशेष अदालत ने आज फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि सीबीआई ठोस डिजिटल या दस्तावेजी सबूत पेश करने में नाकाम रही। इसके अलावा, मुख्य गवाहों ने अदालत में अपने पहले दिए गए बयानों से पलट गए। जिससे अभियोजन का मामला कमजोर हो गया।

### सरकार का बड़ा फैसला, नशा तस्करों को अब मिलेगा मृत्युदंड

शिमल(आरएनएस)। नशे के खात्मे के लिए एक तरफ जहां पंजाब सरकार सख्त कदम उठा रही है तो वहीं दूसरी तरफ हिमाचल सरकार ने भी प्रदेश में नशा रोकने के लिए बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने नशा तस्करों को मृत्युदंड देने पर मुहर लगा दी है।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा ने नशे की लत में फंसे लोगों के पुनर्वास के लिए दो विधेयक पारित कर दिए। इस संबंध में हिमाचल प्रदेश संगठित अपराध निवारण एवं नियंत्रण विधेयक 2025 ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसमें नशे के सौदागरों को न केवल आजीवन कारावास, बल्कि मृत्युदंड का भी प्रविधान किया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा में इसे सदन में पेश किया था।

जिसके बाद अब इस पर चर्चा की गई और पारित कर दिया गया।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को दी नववर्ष और गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं

## 57 ई.पू. में आरम्भ हुआ हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत्

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश वासियों को नववर्ष विक्रम संवत् 2028 और गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं दी हैं। इस वर्ष 30 मार्च 2025 (दिन रविवार) से हिन्दू नववर्ष यानि नव संवत्सर 2082 शुरू हो रहा है। गुड़ी पड़वा के दिन हिन्दू नव संवत्सरारम्भ माना जाता है। चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा को गुड़ी पड़वा या वर्ष प्रतिपदा भी कहा जाता है। इस दिन हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत् का आरम्भ होता है। विक्रम संवत् का आरम्भ 57 ई.पू. में हुआ था।

**इसी दिन से प्रारंभ हुई काल गणना**

इसी प्रतिपदा के दिन आज से 2081 वर्ष पूर्व उज्जयनी नरेश महाराज विक्रमादित्य ने विदेशी आक्रांत शकों से भारत-भू का रक्षण किया और इसी दिन से काल गणना प्रारंभ की। उपकृत राष्ट्र ने भी उन्हीं महाराज के नाम से विक्रमी संवत कह कर पुकारा। महाराज विक्रमादित्य ने राष्ट्र को सुसंगठित कर शकों की शक्ति का उन्मूलन कर देश से भगा दिया और उनके ही मूल स्थान अरब में विजयश्री प्राप्त की। साथ ही यवन, हूण, तुषार, पारसिक तथा कंबोज देशों पर अपनी विजय ध्वजा फहराई। उसी के स्मृति स्वरूप यह प्रतिपदा संवत्सर के रूप में मनाई जाती है।

**गुड़ी का अर्थ विजय पताका**

कहते हैं कि मराठी राजा शालिवाहन ने मिट्टी के सैनिकों की सेना से प्रभावी शत्रुओं (शक) का पराभव किया। इस विजय के प्रतीक रूप में शालिवाहन शक का प्रारंभ इसी दिन से होता है। 'युग' और 'आदि' शब्दों की संधि से बना है 'युगादि'। आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में 'उगादि' और महाराष्ट्र में यह पर्व गुढी पाडवा अर्थात् मराठी नववर्ष के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन चैत्र नवरात्रि का प्रारम्भ होता है। कहा जाता है कि इसी दिन ब्रह्मा ने सृष्टि का निर्माण किया था। इसमें मुख्यतया ब्रह्माजी और उनके द्वारा निर्मित सृष्टि के प्रमुख देवी-देवताओं, यक्ष-राक्षस, गंधर्व, ऋषि-मुनियों, नदियों, पर्वतों, पशु-पक्षियों और कीट-पतंगों का ही नहीं, रोगों और उनके उपचारों तक का भी पूजन किया जाता है। इसी दिन से नया संवत्सर शुरू होता है। अत: इस तिथि को 'नवसंवत्सर' भी कहते हैं। चैत्र ही एक ऐसा महीना है, जिसमें वृक्ष तथा लताएं पल्लवित व पुष्पित होती हैं। शुक्ल प्रतिपदा का दिन चंद्रमा की कला का प्रथम दिवस माना जाता है। जीवन का मुख्य आधार वनस्पतियों को सोमरस चंद्रमा ही प्रदान करता है। इसे औषधियों और वनस्पतियों का राजा कहा गया है। इसीलिए इस दिन को वर्षारम्भ माना जाता है। 'उगादि' के दिन ही पंचांग तैयार होता है। महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने इसी दिन से सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, महीना और वर्ष की गणना करते हुए 'पंचांग' की रचना की। चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा को महाराष्ट्र में गुड़ी पाड़वा कहा जाता है। यह भी मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीराम ने



वानरराज बाली के अत्याचारी शासन से दक्षिण की प्रजा को मुक्ति दिलाई। बाली के त्रास से मुक्त हुई प्रजा ने घर-घर में उत्सव मनाकर ध्वज (गुड़ियां) फहराए। आज भी घर के आंगन में गुड़ी खड़ी करने की प्रथा महाराष्ट्र में प्रचलित है। इसीलिए इस दिन को गुढीपाडवा नाम दिया गया। इसलिये इसे मराठी नया साल भी कहते हैं। इस अवसर पर आंध्र प्रदेश में घरों में 'पच्चड़ी/प्रसादम' तीर्थ के रूप में बांटा जाता है। कहा जाता है कि इसका निराहार सेवन करने से मानव निरोगी बना रहता है। महाराष्ट्र में पूरन पोली या मीठी रोटी बनाई जाती है। इसमें जो चीजें मिलाई जाती हैं वे हैं--गुड़, नमक, नीम के फूल, इमली और कच्चा आम। गुड़ मिठास के लिए, नीम के फूल कड़वाहट मिटाने के लिए और इमली व आम जीवन के खट्टे-मीठे स्वाद चखने का प्रतीक होती हैं। नौ दिन तक मनाया जाने वाला यह त्यौहार दुर्गापूजा के साथ-साथ, रामनवमी को राम और सीता के विवाह के साथ सम्पन्न होता है।

### चलते-चलते बंद हुआ ट्रैक्टर सुधारते समय अचानक चल पड़ा, चपेट में आने से चालक की मौत

भोपाल (निप्र)। पुराने शहर के छोला मंदिर थाना इलाके में हुए एक अजीबो गरीब एक्सीडेंट में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। बताया गया है की सड़क पर चलते-चलते अचानक ट्रैक्टर बंद हो गया। ट्रैक्टर ड्राइवर ने नीचे उतरकर इंजन को देखा और कुछ सुधार करने के बाद स्टार्ट करने के लिये ट्रैक्टर को धक्का दे दिया। लेकिन इसी बीच ट्रैक्टर चालू हो गया और चालक को कुचलकर रुक गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। थाना पुलिस के अनुसार विदिशा जिले का रहने वाला फूल सिंह दांगी पिता सिरनाम सिंह दांगी (61) ट्रैक्टर से भोपाल आया था। बीती सुबह करीब साढ़े आठ बजे कैंची छोला में अचानक उसका ट्रैक्टर चलते-चलते बंद हो गया। उसे सुधारने के बाद फूल सिंह उसे धक्का दे रहा था। उसी समय ट्रैक्टर चालू हो गया फूल सिंह ने चलते ट्रैक्टर पर चढ़ने का प्रयास किया लेकिन वह असंतुलित होकर उसके पहिए के नीचे आ गया। गंभीर रूप से घायल फूलसिंह के इलाज के लिये पीपुल्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां दिन भर चले इलाज के बाद रात करीब 8 बजे उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेजते हुए ट्रैक्टर नंबर के आधार पर परिवार वालो से संपर्क कर हादसे की जानकारी दे दी।

## उल्लास और उमंग का सांस्कृतिक प्रतीक है गुड़ी पड़वा : राज्यमंत्री श्रीमती गौर



भोपाल (ए.)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा उल्लास और उमंग का सांस्कृतिक प्रतीक है। भारतवर्ष की महान संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों को संरक्षित करने की जिम्मेदारी मातृशक्ति पर है। यह बात उन्होंने भोपाल में हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में नर्मदापुरम रोड पर एक सभागार में आयोजित कृष्णा सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था के कार्यक्रम में कहीं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि हमारी संस्कृति, परंपराएं एवं पर्व व्यक्तिगत स्वार्थ व सुख के लिए नहीं, बल्कि विश्व के कल्याण के लिए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में जगत के कल्याण के भाव का चिंतन इतना गहरा है कि हर जीव की चिंता हमारी संस्कृति करती है, इसलिए भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हम सब अपने घरों पर कर सके, इसलिए सकोरों का वितरण भी आज संस्था के द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य भारत प्रांत के ग्राम विकास संयोजक बृज किशोर भार्गव, विद्युत विभाग के डॉ. आलोक पांडे, संस्था की अध्यक्ष श्रीमती किरण खेर सहित सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति मौजूद रहीं।

## विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर एवं राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने मुरैना में स्वास्थ्य शिविर का किया अवलोकन



भोपाल (ए.)। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने मुरैना जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउण्ड पर स्वास्थ्य कैम्प की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। शिविर में देश एवं विदेश से आये बड़े चिकित्सकों द्वारा गंभीर बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर एवं मुरैना जिला प्रभारी एवं राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने शिविर में लगाये सभी विभागों के ओपीडी जिनमें जनरल, मेडीसन, ऑर्थोपैडिक्स, पीडियाट्रिक, ईएनटी, गायनकलॉजी, सर्जीकल, ऑपथामॉलोजी, डेंटल, यूरोलॉजी, सायकिएट्री, ऑनकोलॉजी, डरमैटलॉजी, पलमुनोरी, हिमाटोलॉजी, पेन मेडीसन, कार्डियोग्राफी, एनसीडी क्लीनिक आदि का अवलोकन किया। इस अवसर पर सांसद विवेक तन्खा, कमलेश कुशवाह, समाजसेवी योगेशपाल गुप्ता, कलेक्टर अंकित अस्थाना, सीईओ जिला पंचायत कमलेश भार्गव सहित रोटरी के पदाधिकारी भूपेन्द्र जैन सहित अन्य पदाधिकारी, चिकित्सक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# म.प्र. बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांत 1 अप्रैल 2025 से होंगे प्रभावशील

भोपाल (आरएनएस)।आवासीय आरसीसी निर्माण तथा समस्त क्षेत्रों में आरबीसी/ टिन शेड/ कच्चा कवेलू के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रचलित निर्माण दरें वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी यथावत जारी रहेंगी। यह निर्णय शनिवार को केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक में लिया गया। बैठक में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड के सभी सदस्य उपस्थित थे। मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शन सिद्धांतों का बनाया जाना और उनका पुनरीक्षण नियम-2018 के अंतर्गत अचल संपत्ति के बाजार मूल्य के मार्गदर्शन सिद्धांत के प्रस्ताव के अनुमोदन और भूमि, भवन एवं स्थावर संपत्ति में विभिन्न प्रकार के हितों के संबंध में बाजार मूल्य के नियतन के लिए मानदंड/ उपबंध के अनुमोदन के संबंध में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड/ महानिरीक्षक पंजीयन मध्यप्रदेश की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा जिला मूल्यांकन समितियों से बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांत के प्रस्ताव वर्ष 2025-26 के अनुमोदित प्रस्तावों पर विचार करने के बाद उन्हें मान्य किया गया। निर्णय अनुसार बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांत वर्ष 2025-26 आगामी 1 अप्रैल 2025 से प्रभावशील हो जायेंगे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024-25 में बाजार मूल्य से अधिक मूल्य पर पंजीबद्ध दस्तावेज नवीन प्रस्तावित रिंग रोड, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यमार्ग, प्रधानमंत्री सड़क अन्य जिला सड़क, तीव्र नगरीकरण, प्रदेश में विकसित हो रही शहरी अधोसंरचना आदि को दृष्टिगत रखते हुए जिला मूल्यांकन समितियों द्वारा प्रेषित प्रस्तावों पर विचार के बाद दरों को प्रस्तावित मूल्यों के आधार पर युक्तियुक्त किए जाने का निर्णय लिया। केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शन सिद्धांतों का बनाया जाना और उनका पुनरीक्षण नियम-2018 के नियम-3 (2) (ख) के अनुसार भूमि, भवन तथा स्थावर संपत्ति में विभिन्न प्रकार के हितों के संबंध में बाजार मूल्य के निर्धारण के लिए मानदंडों/ उपबंधों के संबंध में विचारोपरांत वर्तमान प्रचलित उपबंधों 2024-25 को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मान्य करने का निर्णय लिया गया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देहदानी स्व. भैया लाल पटेल के निधन पर दुख व्यक्त किया

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल के पिता भैयालाल पटेल के निधन पर दुख व्यक्त किया है। स्व. भैयालाल पटेल की मृत्यु के उपरान्त उनकी इच्छानुसार उनके पार्थिव शरीर को संजय गांधी मेडिकल कॉलेज रीवा को सौंपने की प्रक्रिया पूरी की गई। स्व. पटेल को श्रद्धांजलि देने के लिए अमर पाटन स्थित उनके निवास पहुंचकर सैकड़ों नागरिकों ने देह के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दी।मैहर जिला प्रशासन द्वारा अमरपाटन में स्व. भैया लाल की पार्थिक देह को गार्ड ऑफ ऑनर देकर राजकीय सम्मान प्रदान किया गया। स्व. पटेल का 89 वर्ष की अवस्था में शुक्रवार को निधन हुआ।उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंगदान और देहदान को प्रोत्साहन देने के लिए देहदान करने वाले व्यक्तियों का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किए जाने के निर्देश दिए हैं।

# बिना टिकट यात्रा पर रेलवे की बड़ी कार्रवाई, 88 यात्रियों से वसूले 38 हजार से अधिक

**भोपाल-बीना सेक्शन में मंडल वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में चला विशेष चैकिंग अभियान, यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर रेलवे सख्त**





भोपाल (ए.)। । वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के मार्गदर्शन में भोपाल से बीना के बीच विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और यात्रा के दौरान स्वच्छता एवं टिकटिंग प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस विशेष चैकिंग अभियान का नेतृत्व मंडल वाणिज्य प्रबंधक पंकज कुमार दुबे द्वारा किया गया। अभियान के तहत प्लेटफॉर्म और गाड़ियों में सघन टिकट जांच की गई, साथ ही बीना स्टेशन पर कैटरिंग स्टॉल्स की गुणवत्ता और स्वच्छता की भी गहनता से जांच की गई। इस कार्रवाई में कुल 88 यात्रियों से 38,440 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इनमें 39 यात्री बिना टिकट यात्रा कर रहे थे, जबकि 42 यात्री अनियमित पाए गए। इसके अतिरिक्त 7 यात्रियों को गंदगी फैलाने के आरोप में 1,300 रुपये का चालान भी किया गया। जांच के दौरान खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, जनता खाने की उपलब्धता और अन्य यात्री सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा यात्रियों को एटीवीएम (ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन) से क्यूआर कोड स्कैन कर डिजिटल माध्यम से टिकट लेने के लिए जागरूक किया गया, जिससे टिकटिंग प्रक्रिया और सरल और पारदर्शी हो सके।

इस विशेष अभियान में मुख्य टिकट निरीक्षक मुख्यालय अरुण कुमार श्रीवास्तव, मुख्य टिकट निरीक्षक बीना आर. के. गोस्वामी, स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) आशीष अवस्थी, मंडल वाणिज्य निरीक्षक मधुकर निगम, मुख्य पार्सल पर्यवेक्षक सुशील पांडेय सहित टिकट चैकिंग स्टाफ, आरपीएफ एवं सीएचआई की टीम शामिल रही। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि रेलवे यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। बिना टिकट यात्रा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करके न केवल राजस्व की हानि को रोका जा रहा है, बल्कि ईमानदार यात्रियों को भी एक सुरक्षित और व्यवस्थित माहौल प्रदान किया जा रहा है।

## जल-गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण को जन-जन का विषय बनाना : कलेक्टर श्री सिंह

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप प्रदेश सहित भोपाल जिले में 30 मार्च से 'जल-गंगा संवर्धन अभियान' का शुभारंभ किया जा रहा है, जो आगामी 30 जून तक निरंतर जारी रहेगा। इस अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नए तालाबों का निर्माण किया जाएगा, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार किया जाएगा। साथ ही, जिलेभर में सघन वृक्षारोपण भी किया जाएगा।

इस अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है।यह जानकारी कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत कार्यालय में हुई बैठक के दौरान दी गई। बैठक में संबंधित




विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि यह अभियान जल है तो कल है की भावना पर आधारित है और इसका उद्देश्य जल संरक्षण को जन-जन का विषय बनाना है। यह अभियान समाज के हर वर्ग की भागीदारी से संचालित होगा। पिछले वर्ष जिले में 101 अमृत सरोवर बनाए गए थे, जिन्हें अब राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया जाएगा। इस वर्ष अभियान के तहत 'अमृत सरोवर 2.0' योजना में 19 नए तालाबों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के अंतर्गत तालाबों का सीमांकन कर राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया जाएगा।

अतिक्रमण चिन्हित कर उन्हें हटाने की कार्रवाई की जाएगी तथा मुनारे बनाकर सीमाओं को चिन्हित किया जाएगा। साथ ही, तालाबों का गहरीकरण जनभागीदारी से किया जाएगा। मनरेगा और अन्य योजनाओं के माध्यम से तालाबों का जीर्णोद्धार, सुदृढ़ीकरण और जल आवक बढ़ाने की दिशा में कार्य होंगे। इन तालाबों के पास पौधारोपण और रखरखाव के लिए उपयोगकर्ता समूहों का गठन किया जाएगा।

### सागर में संविधान चौक का लोकार्पण

**इंदौर में भी बनेगा संविधान चौक : मंत्री श्री विजयवर्गीय**

भोपाल (ए.)। नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि सागर में बनाये गये संविधान चौक से अन्य जिलों को भी संविधान चौक बनाने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इंदौर में भी सागर जैसा संविधान चौक बनाया जायेगा। मंत्री श्री विजयवर्गीय शुक्रवार को सागर में संविधान चौक के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। सागर नगर निगम ने शहर के अंबेडकर पार्क में चौराहे का सौंदर्यीकरण करते हुए संविधान चौक का निर्माण किया है। कार्यक्रम में विधायक शैलेन्द्र जैन, महापौर श्रीमती संगीता तिवारी भी मौजूद थीं। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन स्थल से संबंधित जगहों पर केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा स्मारक तैयार किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने नागपुर में जहाँ शिक्षा-दीक्षा ली, वहाँ 500 करोड़ रुपये की राशि से विशाल स्मारक का निर्माण किया जा रहा है। नगरीय विकास मंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के आग्रह पर डॉ. अंबेडकर को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब की जन्म-स्थली महू में भी भव्य स्मारक तैयार किया गया है। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने अमर शहीद वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा स्थापना के लिये 50 लाख और सागर की लाखा बंजारा छोटी झील के सौंदर्यीकरण के लिये भी राशि की मंजूरी दी।

## विविध-समाचार

### किसानों के हित में गिरदावरी में संशोधन एवं दावा-आपत्ति करने की तिथि 15 अप्रेल तक बढ़ाई गई

भोपाल (ए.)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों के हित में (डिजिटल फसल सर्वेक्षण) गिरदावरी में संशोधन एवं दावा-आपत्ति करने की अवधि 15 अप्रैल तक बढ़ा दी गयी है। इससे किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिये कराये गये पंजीयन की जानकारी और गिरदावरी की जानकारी में आ रहे अंतर में सुधार करवा सकेंगे। गौरतलब है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की बिक्री के लिये किसानों द्वारा कराये गये पंजीयन में दी गयी जानकारी और पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी में विभिन्नता होने से आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा ने आयुक्त अभिलेख को गिरदावरी में संशोधन/दावा आपत्ति करने की अवधि 15 अप्रेल तक बढ़ाये जाने का आग्रह किया था।

### किसानों के हित में गिरदावरी में संशोधन एवं दावा-आपत्ति करने की तिथि 15 अप्रैल तक बढ़ाई गई

भोपाल (आरएनएस)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों के हित में (डिजिटल फसल सर्वेक्षण) गिरदावरी में संशोधन एवं दावा-आपत्ति करने की अवधि 15 अप्रैल तक बढ़ा दी गयी है। इससे किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिये कराये गये पंजीयन की जानकारी और गिरदावरी की जानकारी में आ रहे अंतर में सुधार करवा सकेंगे।गौरतलब है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की बिक्री के लिये किसानों द्वारा कराये गये पंजीयन में दी गयी जानकारी और पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी में विभिन्नता होने से आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा ने आयुक्त अभिलेख को गिरदावरी में संशोधन/दावा आपत्ति करने की अवधि 15 अप्रेल तक बढ़ाये जाने का आग्रह किया था।

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने प्रदेशवासियों को नव संवत्सर, चेटीचंद और गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं दीं

भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने प्रदेशवासियों को नव संवत्सर, चेटीचंद और गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि ये पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक हैं और समाज में नई ऊर्जा का संचार करते हैं। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विक्रमोत्सव-2025 का भव्य आयोजन 30 मार्च को गुड़ी पड़वा से प्रारंभ होगा।उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि विक्रमोत्सव का आयोजन युवा पीढ़ी को सम्राट विक्रमादित्य के सिद्धांतों से प्रेरणा लेने की सीख देगा। इसी दिन से जल गंगा अभियान भी प्रदेशभर में शुरू होगा, जो 3 महीने तक चलेगा। उन्होंने कहा कि विक्रमोत्सव यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और विक्रमादित्य के आदर्शों को आत्मसात करने की स्वर्णिम पहल है।

### प्रापर्टी डीलर ने की खुदकुशी

भोपाल (आरएनएस)। शाहपुरा में किराए से रहने वाले प्रापर्टी डीलर ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। फिलहाल पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।एएसआई कन्हैयालाल यादव ने बताया कि अखिलेश दुबे (55) मूल रूप से जबलपुर के रहने वाले थे। भोपाल के त्रिलंगा में किराए का कमरा लेकर अकेले रहते थे। शुक्रवार की रात को पड़ोसी ने खिड़की से उनके शव को फंदे पर लटका हुआ देखा था।तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए रवाना किया। शनिवार की दोपहर को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।पुलिस का कहना है कि एफएसएल की टीम के साथ आज घटना स्थल का निरीक्षण किया जाएगा। फिलहाल कमरे को सील कर दिया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### क्राइम ब्रांच ने दो गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल क्राइम ब्रांच ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी गोविंदपुरा सब्जी मंडी में गांजे की डिलीवरी देने पहुंचे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया।आरोपियों के कब्जे से चार किलो से ज्यादा गांजा मिला है। जिसकी कीमत करीब ढाई लाख रुपए बताई जा रही है। एसीपी मुखतार कुरैशी ने बताया कि शनिवार को मुखबिर से मिली सूचना के बाद कस्तूरबा अस्पताल के सामने से दो युवकों को हिरासत में लिया गया। दोनों के पास से बैग में रखा चार किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया है। आरोपियों की पहचान राहुल चौरसिया पिता महेश चौरसिया (21) निवासी शिव नगर लक्ष्मी नगर गली नंबर 4 छोला मंदिर और संजना ठाकुर पिता राजू ठाकुर (20) निवासी अटल अयूब नगर गणेश मंदिर कैंची छोला के रूप में की गई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई है।

### प्रेम प्रसंग में युवक ने किया सुसाइड

भोपाल।(आरएनएस)। ऐशबाग में रहने वाले एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। इससे पहले उसका अपनी गर्लफ्रेंड से विवाद हुआ था। युवक के मोबाइल में परिजनों को विवाद की ऑडियो रिकॉर्डिंग मिली है, जिसमें गर्लफ्रेंड की दोस्त उसे जानकारी देती है कि प्रेमिका ने हाथ की नस काट ली है और गुस्से में है। परिजनों का कहना है कि हम शादी के लिए तैयार थे, लेकिन इस घटना ने सभी को झकझोर दिया।पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। युवक ने शुक्रवार की रात जहर खा लिया था और शनिवार तड़के इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शनिवार दोपहर पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। शाकिर अली (30), पुत्र रहबर अली, निवासी अहमद अली कॉलोनी, ऐशबाग, भारत टॉकीज पर स्थित उजैर पर ऑटो डीलिंग का काम करता था। युवक के जीजा शाहिद अली ने बताया कि शुक्रवार रात शाकिर जहरीला पदार्थ खाकर घर लौटा। जब उसने उल्टियां करनी शुरू कीं, तो उसके पिता ने उससे बात की। इसके बाद मैं तुरंत शाकिर को हमीदिया अस्पताल लेकर गया, जहां कई घंटे इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। ऐशबाग थाना प्रभारी वीबीएस सेंगर ने बताया कि मृतक के परिजनों के विस्तृत बयान अभी दर्ज नहीं किए गए हैं। फिलहाल मर्ग कायम कर लिया गया है। परिजनों के बयान और सबूतों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दुनिया का इकलौता मंदिर, जहां रोज होता है चमत्कार, गेट खुलते ही नजर आता है अद्भुत दृश्य



मैहर (ए.)। मध्यप्रदेश के मैहर जिले में स्थित शारदा माता मंदिर, जिन्हें मैहर वाली माता के नाम से जाना जाता है। दुनिया का इकलौता ऐसा मंदिर है, जहां हर रोज चमत्कार होता है। आज भी जब पुजारी सुबह की पूजा के लिए पट यानी दरवाजा खोलते हैं तो हैरान रह जाते हैं। ऐसा हजारों सालों से होता आ रहा है।


मंदिर खुलने से पहले ही माता रानी की आरती हो जाती है, पुजारी के पट खोलने पर अद्भुत दृश्य दिखाई पड़ता है। आइए आपको ले चलते हैं मैहर, जहां स्थित है मां शारदा का रहस्यमयी मंदिर।

भारत में ऐसे कई सारे मंदिर हैं, जिनके चमत्कार के आगे विज्ञान भी नाकाम हो गया है। भारत की प्राचीन संस्कृति और इतिहास के साथ यहां के चमत्कारी मंदिर भी दुनियाभर में अपनी पहचान के लिए जाने जाते हैं। आज हम लेकर आए हैं, जहां रोजाना मंदिर के कपाट खुलने से पहले चमत्कार देखने को मिलता है।

एमपी के नवगठित जिला मैहर में स्थित शारदा मां का यह मंदिर चमत्कारों से भरा हुआ है। इस मंदिर में दूर-दूर से भक्त माता शारदा के दर्शन करने आते हैं। इस मंदिर के चमत्कारों के चर्चा हर तरफ रहती है।

मैहर में त्रिकूट पर्वत पर 600 फीट की ऊंचाई पर बना ये मंदिर काफी भव्य है। माता शारदा के मंदिर तक पहुंचने के लिए भक्तों को 1065 सीढ़ियां चढ़कर जाना पड़ता है।

मान्यता है कि जब शिव जी के हाथ में सती माता का शव का था, तो विष्णु भगवान ने अपने सुदर्शन चक्र से सती माता के शरीर के कई हिस्से कर दिए थे। माता सती के अंग के हिस्से कई स्थानों पर गिरे, जो बाद में शक्तिपीठ बने। मैहर में माता सती का हार गिरने के कारण इस जगह का नाम मैहर पड़ा है।



इस मंदिर के रहस्यों की बात की जाए तो स्थानीय लोगों का कहना है कि रोजाना शाम की आरती के बाद जब पुजारी मंदिर के कपाट बंद करके चले जाते हैं, तो मंदिर के अंदर से घंटी और पूजा अर्चना की आवाजें आती हैं। मंदिर के पुजारी बताते हैं कि ब्रह्म मुहूर्त में जब मंदिर के कपाट खोले जाते हैं तो यहां माता की पूजा हुई मिलती है। यहां पहले से ही माता रानी के आगे फूल चढ़े होते हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, यह पूजा हजारों साल पहले रहे योद्धा आल्हा करते हैं। जो अक्सर मंदिर के कपाट खुलने से पहले ही माता शारदा की आरती करके चले जाते हैं।

**पता लगाने में वैज्ञानिक ने भी टेके घुटने**

जब मंदिर के पुजारी से इस चमत्कार के विषय में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मंदिर में माता रानी का पहला श्रृंगार आल्हा करते हैं। हर रोज जब ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर के कपाट खोले जाते हैं, तो यहां पहले से ही पूजा हुई मिलती है। इस रहस्य का पता लगाने के लिए वैज्ञानिक की टीम भी पहुंची थी, किंतु वैज्ञानिकों को खाली हाथ लौटना पड़ा।

**कौन थे वो वीर योद्धा आल्हा और ऊदल**

बुंदेलखंड महोबा में परमार रियासत के दो योद्धा, जिनका नाम आल्हा और ऊदल था। रिश्ते में ये दोनों भाई वीर और प्रतापी योद्धा थे। परमार रियासत के कालिंजर नाम के राजा के दरबार में जगनिक कवि नाम का एक कवि था, जिसने आल्हा और ऊदल की वीरता पर 52 कहानियां लिखी। कहानियों के अनुसार, दोनों ने अपनी आखिरी लड़ाई पृथ्वीराज चौहान के खिलाफ लड़ी थी। माना जाता है कि पृथ्वीराज को इस लड़ाई में हार का सामना करना पड़ा था। किंतु अपने गुरु गोरखनाथ के आदेश पर आल्हा ऊदल ने पृथ्वीराज चौहान को छोड़



दिया, जिसके बाद से दोनों भाइयों ने वैराग्य जीवन अपनाकर संन्यास ले लिया। माता शारदा के इस मंदिर में ये चमत्कार इस बात की गवाही देते हैं कि इस मंदिर में जाने वाले भक्तों की मुराद माता रानी पूरी करती है।

मैहर के ठीक पहाड़ी के नीचे आल्हा का तालाब स्थित है। मान्यता है कि आल्हा इसी तालाब में नहाकर मां की पूजा करने जाते थे और वहां रहने वाले पुजारी बताते हैं कि अब भी सुबह ऐसा आभास होता है कि तालाब से नहाकर कोई घोड़े पर सवार होकर मां के दर्शन के लिए जा रहा है। इस तालाब में लगने वाले कमल के फूल कभी-कभी मां के दरबार में मिलते हैं। इन सभी चीजों की पड़ताल के बाद ऐसा माना जाता है कि हज़ारों सालों बाद आज भी मां के परम भक्त आल्हा जिंदा हैं और पुजारी से पहले ब्रम्ह मुहूर्त में मां की पहली आरती करते हैं।

# इंदौर में धूमधाम से मनेगा हिंदू नववर्ष, चैत्र नवरात्रि पर बिजासन मंदिर में लगा मेला

इंदौर (ए.)। इंदौर में रविवार को गुड़ी पड़वा धूमधाम से मनाया जाएगा। कई परिवारों के घरों पर गुड़ी बंधेगी और पकवान बनेंगे। इसके अलावा धार्मिक अनुष्ठान भी होंगे। इंदौर में राजवाड़ा पर सुबह सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। कई परिवार इस दिन नए वाहन, उपकरण और जेवरात भी खरीदते है। इसके चलते बाजारों में भी हिन्दू नववर्ष की रौनक रहेगी। गुड़ी पड़वा के साथ नवरात्रि भी शुरू होगी।

इसके चलते शहर के देवी मंदिरों में भी धार्मिक अनुष्ठान होंगे और वहां भी विशेष आयोजन होंगे। इंदौर के प्राचीन बिसासन माता मंदिर में पूरे नौ दिन विशेष पूजा होगी और रात तक मंदिर भक्तों के लिए खुला रहेगा। बिजासन टेकरी पर हर साल की तरह इस बार भी मेला लग चुका है, हालांकि प्रशासन ने मेले में सुरक्षा की दृष्टि से झूले लगाने की अनुमति नहीं दी है। गुड़ी पड़वा पर कुछ स्थानों पर सार्वजनिक आयोजन भी हो रहे है।



बिसासन माता मंदिर के अलावा अन्नपूर्णा मंदिर, श्रीश्री विद्या धाम, कालनी मंदिर, वैष्णवदेवी मंदिर, कैला मंदिर में शतचंडी यज्ञ के अलावा विशेष पूजाएं भी होंगी। महाराष्ट्रीयन परिवारों में गुड़ी पड़वा का खास महत्व रहते है। घर पर गुड़ी लगाने के साथ श्रीखंड व अन्य पकवान बनाए जाएंगे। इंदौर के सराफा एसोसिएशन ने 30 मार्च को रविवार होने के बावजूद सराफा खुला रखने का फैसला लिया है। व्यापारियों ने कहा कि त्यौहार के कारण व्यापारी संस्थान बंद नहीं करेंगे।

**मांस की दुकानें बंद रहेगी**

इंदौर में मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने चेटी चंड, रामनवमी, महावीर जयंती पर मांस-मटन की दुकानें नगर निगम सीमा में बंद रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने अफसरों को कहा कि यदि दुकानें खुली पाई जाती है तो उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाए।

## सिवनी में मवेशी तस्करी का पर्दाफाश, पुलिस ने मुक्त कराए आठ गोवंश, तस्कर फरार




छिंदवाड़ा (ए.)। मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में पुलिस ने मवेशी तस्करी के एक मामले का खुलासा किया है। धूमा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से 8 मवेशियों को बरामद किया। पुलिस के पहुंचते ही आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन में धूमा थाना प्रभारी शत्रुघ्न पटले के नेतृत्व में टीम ने गोटेगांव चौराहे पर नाकाबंदी की। इस दौरान एक पिकअप को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने वाहन को भगाने की कोशिश की। पुलिस ने ग्राम कोहका के पास वाहन को रोका, मगर चालक और उसका साथी जंगल की ओर भागा निकले।

**बिना दस्तावेज और अमानवीय स्थिति में मिले मवेशी**

जब पुलिस ने वाहन की जांच की तो पाया कि डाला हरे नेट और लकड़ी के पटियों से ढका हुआ था। वाहन में 5-7 वर्ष के 8 गोवंश क्रूरता पूर्वक रस्सियों से बंधे हुए थे। बिना चारा-पानी के इन्हें तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था और किसी भी प्रकार के आवश्यक दस्तावेज वाहन चालक के पास नहीं थे।

## प्रोफेसर पत्नी की प्रताड़ना से परेशान पति ने फांसी लगाई, मोबाइल में मिला वीडियो देखकर पुलिस भी चौंकी



इंदौर (ए.)। लसूड़िया पुलिस ने एनएचएआई कर्मचारी अनुराग धारसिया के सुसाइड मामले में उसकी पत्नी तामश्री सहित तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। 26 सितंबर की रात अनुराग ने शादी का सूट पहनकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या करने से पहले उसने अपनी पत्नी तामश्री को कॉल किया था। तामश्री की दोस्त ने अनुराग की बहन को जानकारी दी थी, लेकिन अनुराग को बचाया नहीं जा सका। अनुराग के परिवार ने आरोप लगाए थे और पुलिस ने सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की बात कही है। लसूड़िया पुलिस ने इस मामले में अनुराग के परिवार के तीन लोगों को आरोपी बनाया है, जिनमें ससुर लीलाधर सोनारतिया, साला कच्छू उर्फ आनंद और पत्नी तामश्री शामिल हैं। सभी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने अनुराग का मोबाइल चेक किया, जिसमें उसने एक वीडियो रिकॉर्ड किया था, जिसमें उसने अपनी पत्नी और ससुराल वालों पर प्रताड़ना के आरोप लगाए थे।

## धार्मिक ध्वज हटाने पर विवाद, नगर पालिका सीएमओ के चहरे पर पोती कालिख, भाजपा और हिंदू संगठनों का विरोध

दमोह (ए.)। दमोह शहर के घंटाघर पर हिंदुओं द्वारा लगाए गए धार्मिक ध्वजों को नगर पालिका द्वारा हटाए जाने के प्रयास पर विवाद हो गया। शनिवार दोपहर हिंदू संगठनों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने घंटाघर पर नगर पालिका सीएमओ के खिलाफ चक्काजाम कर दिया। इस दौरान कुछ लोगों ने सीएमओ के आवास पर जाकर उनके मुंह पर कालिख पोत दी।




इधर, भाजपा और हिंदू संगठनों से जुड़े लोग घंटाघर पर प्रदर्शन कर सीएमओ के निलंबन की मांग करते रहे। सड़क जाम होने से आवागमन बाधित हो गया। इस दौरान केवल आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को ही निकलने की अनुमति दी गई। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि तत्काल सीएमओ को सस्पेंड किया जाए, क्योंकि वह धर्म विरोधी हैं। इसके बाद सभी कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और एसपी, कलेक्टर से मुलाकात कर सीएमओ प्रदीप शर्मा को तत्काल निलंबित करने व माफी मांगने की बात कही। करीब एक घंटे तक यह बैठक चली, जिसमें कलेक्टर और एसपी ने सरकार को प्रतिवेदन भेजने की बात कही। वहीं, सीएमओ प्रदीप शर्मा का फोन बंद होने के कारण उनसे संपर्क नहीं हो सका। भाजपा नेता सतीश तिवारी ने कहा कि ऐसे लोग जो सनातन धर्म के विरोधी हैं, उनके खिलाफ हमारा विरोध जारी रहेगा। नवरात्रि शुरू होने वाली है, इसलिए शहर के घंटाघर पर हर साल की तरह इस साल भी सजावट की जा रही थी और धार्मिक ध्वज लगाए जा रहे थे।

### धार्मिक भावना भड़काने वाली पोस्ट पर पुलिस ने की कार्रवाई, महिला को हिरासत में लिया

छिंदवाड़ा (ए.)। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने के मामले में एक महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए पोस्ट को हटवाया और महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। महिला की पोस्ट में धार्मिक भावना भड़काने वाले तथ्य थे, जिस कारण शहर का माहौल खराब हो सकता था।

# अमावस्या पर लाखों भक्त पहुंचे ओंकारेश्वर, रात भर चली तांत्रिक क्रियाएं, ऐसे पूरी करेंगे साधना

खंडवा (ए.)। देशभर में आज शनिवार को चैत्र अमावस्या मनाई जा रही है। लेकिन, मप्र के निमाड़ अंचल में इसे भूतड़ी अमावस्या के रूप में मनाया जाता है। माना जाता है कि इस दिन नर्मदा में स्नान करने से बाहरी बाधाओं से मुक्ति मिलती है। इसी के चलते निमाड़ के खंडवा जिले की धार्मिक तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में इस दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। यहां दो दिन पहले से ही इस पर्व को मनाने के लिए बड़ी संख्या में भक्त जुटने लगे थे।

भूतड़ी अमावस्या के इस पर्व को मनाने के लिए दूर-दूर से बड़वे, भोपे, ओझा और देवी-देवताओं के इष्ट वाले श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में यहां पहुंच रहे हैं। इनके साथ ही बाहरी बाधाओं से पीड़ित लोग भी यहां पहुंचे हैं। शनिवार को पर्व के चलते करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दोपहर तक पवित्र नर्मदा नदी में स्नान कर पुण्य लाभ लिया। इतनी



बड़ी संख्या में यहां पहुंचे भक्तों के लिए प्रशासन ने भी बड़े स्तर पर तैयारियां की हैं। नर्मदा के घाटों पर सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं, वहीं तीर्थ नगरी में आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की भी व्यापक व्यवस्था की गई है।

धार्मिक नगरी ओंकारेश्वर में सैकड़ों की संख्या में बड़वे, भोपे और इष्ट देवता के अनुयायी और हजारों आम भक्त पहुंच चुके हैं। ये सभी अब चैत्र अमावस्या की रात में स्नान कर ही वापस लौटेंगे। अपने साथ खाने-पीने का सामान लेकर पहुंचे ये लोग संगम घाट, नगर घाट, अभय घाट, चक्रतीर्थ घाट, गौमुख घाट, ब्रह्मपुरी घाट सहित समीपस्थ खेड़ीघाट पर ही बीते दो दिनों से रात्रि विश्राम कर रहे हैं। और इस दौरान नर्मदा स्नान व पूजन-अर्चन के जरिए अपनी उपचार प्रक्रिया सम्पन्न कर रहे हैं।

शनिवार को ढोल-धमाकों के साथ देवी-देवताओं के इष्ट वाले लोग हाथों में तलवार, भाले, फरसे और त्रिशूल लेकर तथा खप्पर-ज्वाला धारण कर घाटों पर पहुंचे। इनके लिए जिला और पुलिस प्रशासन सहित नगर प्रशासन ने उत्तम प्रबंध किए थे। घाटों पर पुलिस जवान तैनात थे, सुरक्षा के लिए नाव लगाई गई थीं, पानी और सफाई की विशेष व्यवस्था की गई थी।

## पति से झगड़कर बहू कुएं में कूदी, लोगों ने बचाया, दूसरे दिन ससुर ने लगा लिया फंदा

शहडोल (ए.)। जिले के अमलाई थाना क्षेत्र के खमरौध गांव में एक 60 वर्षीय व्यक्ति, मुरारी साहू, ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने जानकारी दी है कि उनका शव गांव के नया तालाब के पास एक पेड़ में लटकता मिला। स्थानीय निवासियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस और जांच शुरू की है। मुरारी साहू पिता स्व. रामलाल साहू के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, घटना के पीछे एक दुखद घटनाक्रम है। मुरारी साहू की बहू ने एक दिन पहले ही पति से विवाद के चलते कुएं में कूद गई




जिसमें वह घायल हुई थीं। तत्काल परिजनों ने उसे कुएं से बाहर निकाल कर स्थानीय अस्पताल में भर्ती करावा गया था। उसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

अमलाई थाना प्रभारी जेपी शर्मा ने बताया कि हमने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच जारी है। परिजनों के बयान में यह बात सामने आई है कि बहू के मायके पक्ष के लोगों ने मुरारी और उनके परिवार वालों पर गंभीर आरोप लगाए थे, जिसके चलते उन्होंने डर के कारण आत्महत्या का कदम उठाया।

ग्रामीणों और परिजनों के अनुसार जब मुरारी साहू अपनी बहू से मिलने अस्पताल पहुंचे तो उन्हें तिरस्कार और जेल भेजने की धमकी का सामना करना पड़ा। जानकारी के मुताबिक बहू के मायके के लोगों ने मुरारी पर आरोप लगाया था कि उनके परिवार के कारण ही बहू ने कुएं में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया।

## व्यापार समाचार

# भारत 156 मेड इन इंडिया LCH प्रचंड चॉपर खरीदेगा; CCS की बैठक में अब तक का सबसे बड़े रक्षा सौदा मंजूर

नई दिल्ली (ए.)। भारत ने 156 मेड इन इंडिया प्रचंड हेलीकॉप्टर खरीदने का फैसला लिया है। ये लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) हैं। रक्षा अधिकारी के हवाले से आई एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह अब तक का सबसे बड़ा रक्षा सौदा है, जिसे केंद्र सरकार ने मंजूरी दी है। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (CCS) की आज हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। रक्षा अधिकारी ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने इस वित्त वर्ष में 2.09 लाख करोड़ रुपये से अधिक के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं।

**थलसेना के लिए 90, 66 वायुसेना के लिए हेलिकॉप्टर**

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के लिए यह अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर है। हेलिकॉप्टरों का निर्माण कर्नाटक के बंगलूरू और तुमकुर स्थित संयंत्रों में किया जाएगा। 156 हेलिकॉप्टर में से 90 थलसेना के लिए होंगे, जबकि 66 भारतीय वायु सेना के लिए होंगे। इन



हेलिकॉप्टरों को चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर तैनात किया जाएगा।

**LCH प्रचंड की खूबियां**

एलसीएच प्रचंड में दो लोग बैठ सकते हैं। यह 51.10 फीट लंबा, 15.5 फीट ऊंचा है। पूरे सैन्य साजो सामान के साथ इसका वजन 5800 किग्रा है। इसपर 700 किग्रा के हथियार लगाए जा सकते हैं। वहीं अधिकतम रफ्तार 268 किमी प्रतिघंटा है। प्रचंड की रेंज 550 किमी है। यह लगातार 3 घंटे 10 मिनट तक उड़ान भर सकता है। यह वजन के साथ 16,400 फीट की ऊंचाई पर भी टेकऑफ कर सकता है। इसके अलावा प्रचंड में 20 मिमी की एक तोप भी लगी है।

हथियारों के स्वदेशीकरण को मिलेगा बढ़ा

इस खरीद से रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता की बढ़ेगी, बल्कि हथियारों के स्वदेशीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। बता दें कि, अभी तक एचएएल ने 15 प्रचंड हेलीकॉप्टर बनाए हैं, जिनमें भारतीय वायुसेना के लिए दस और सेना के लिए पांच एलसीएच प्रचंड शामिल हैं।

**5000 मीटर की ऊंचाई पर भी आसानी से उतर सकता है प्रचंड**

हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर (एलसीएच) को प्रचंड के नाम से भी जाना जाता है। यह दुनिया का एकमात्र अटैक हेलिकॉप्टर है जो 5,000 मीटर (16,400 फीट) की ऊंचाई पर उतर सकता है और उड़ान भर सकता है। इसकी यही खासियत इसे सियाचिन ग्लेशियर और पूर्वी लद्दाख के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में संचालन के लिए आदर्श बनाता है। प्रचंड हवा से जमीन और हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को दागने में भी सक्षम है और दुश्मन के हवाई रक्षा अभियानों को नष्ट कर सकता है।

### सेंसेक्स और निफ्टी में आधा फीसदी से ज्यादा तेजी रही

**- सेंसेक्स 191 अंक गिरकर 77,414.92 पर बंद**

**- निफ्टी 72 अंक गिरकर 23,519.35 पर बंद**

मुंबई (ए.)। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार का प्रदर्शन मिलाजुला रहा। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार बढ़त के साथ खुले लेकिन सप्ताह के आखिर में इनमें गिरावट देखी गई। साप्ताहिक आधार पर देखें तो बीते सप्ताह दोनों सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में आधा फीसदी से ज्यादा की तेजी दर्ज की गई। घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के पहले कारोबारी दिन हरे निशान पर खुला। बेंचमार्क शेयर बाजार सूचकांक सोमवार को लगातार छठे सत्र में बढ़त के साथ खुले। बाजार में तेजी का कारण वित्तीय और बैंकिंग क्षेत्र के दिग्गज शेयरों में तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स 965.08 अंक चढ़कर 77,809.91 के स्तर पर खुला और 1,078.87 अंक उछलकर छह सप्ताह के उच्चतम स्तर 77,984.38 अंक पर बंद हुआ।

## भंडारण सीमा का उल्लंघन करने वाली चीनी मिलों पर होगी कड़ी कार्रवाई, नहीं मिलेगा योजनाओं का फायदा

नई दिल्ली (ए.)। सरकार मासिक भंडारण सीमा से जुड़े आदेशों का उल्लंघन करने वाली चीनी मिलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने जमाखोरी रोकने और मूल्य वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए सफेद/रिफाइंड चीनी के लिए मासिक भंडारण सीमा निर्धारित की है। अप्रैल के लिए यह 23.5 लाख टन है।



मंत्रालय ने शुक्रवार को मिलों को जारी निर्देश में कहा, कुछ समूह और व्यक्तिगत चीनी मिलें पूर्व में दी गई चेतावनियों के बावजूद बार-बार भंडारण नियमों का उल्लंघन कर रही हैं। इस कारण नए और सख्त निर्देश जारी किए जा रहे हैं, जो एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी होंगे। नए निर्देशों के तहत, चीनी सत्र में कई बार उल्लंघन करने पर मिलों को अतिरिक्त चीनी जारी करने और सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित कर दिया जाएगा। डीएफपीडी और डीएसवीओ की योजना का भी लाभ नहीं मिलेगा।

**कार्रवाई : भविष्य में चीनी आवंटन पर लग सकता है प्रतिबंध**

नियमों के पहली बार उल्लंघन करने पर बेची गई अतिरिक्त चीनी का 100 फीसदी अगले माह जारी होने वाली खेप से दंड स्वरूप काट लिया जाएगा।

दूसरी बार उल्लंघन करने पर 115 फीसदी, तीसरे बार में 130 फीसदी और चौथी बार में 150 फीसदी की कटौती की जाएगी।

बिना सूचना के कुल भंडार के 90 फीसदी से कम चीनी भेजने वाली मिलों को भविष्य में आवंटन पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा।

एथेनॉल खरीद आवंटन में भी कटौती की जा सकती है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी

लंबे इंतजार के बाद आखिर, अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर दो अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल के जरिए पृथ्वी पर वापिस आ गए।

दोनों एस्ट्रोनॉट जून में केवल आठ दिनों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्टेशन पर गए थे मगर धरती पर वापस लाने वाले वाले यान के खराब होने के कारण नौ महीनों बाद वापसी संभव हुई। स्पेसएक्स एलन मस्क की कंपनी है, जिसका ड्रैगन कैप्सूल फ्लोरिडा के तटीय समुद्र में उन्हें लेकर सत्रह घंटों में सुरक्षित गिराया गया। नासा की लाइव तस्वीरों द्वारा दुनिया भर में बेसब्री से इंतजार कर रहे लोगों ने अंतरिक्ष यात्रियों को देखा।

अंतरिक्ष में तकरीबन 286 दिन बिताने वाले इन यात्रियों ने प्रति दिन सोलह बार सूर्योदय और सूर्यास्त देखा। जांच के बाद विशेषज्ञों का कहना है कि उनका स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक है। हालांकि वे कुछ समय के लिए रिकवरीशिप में रहेंगे। उसके बाद परिवार से मिलने की इजाजत दी जाएगी। फिर वे अपने अनुभव विशेषज्ञों से बांटेंगे और लंबी छुट्टी पर चले जाएंगे। अंतरिक्ष में रहने का वक्त अधिकतम छह माह माना गया है, मगर सुनीता और बुच को नौ माह रहना पड़ा जिसका शरीर पर गहरा असर होता है।गुरुत्वाकर्षण शून्य होने के कारण खून का प्रवाह प्रभावित होता है और हड्डियां/मांसपेशियां कमजोर होती जाती हैं। हालांकि यह धरती के वातावरण में आते ही प्राकृतिक रूप से सामान्य होता जाएगा। इसका मानसिक सेहत पर भी गहरा असर हो सकता है क्योंकि बार-बार यात्रियों के पृथ्वी पर लौटने की उम्मीदें नाममात्र रहने ने इन्हें बुरी तरह अवश्य प्रभावित किया होगा। नासा ने बताया कि इस दरम्यान विलियम्स ने 150 वैज्ञानिक प्रयोग किए और नौ सौ घंटे रिसर्च में बिताए जो अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के लिए मददगार साबित हो सकते हैं।

अंतरिक्ष में मैराथन दौडने् वाली पहली अंतरिक्ष यात्री रहीं विलियम्स अपनी तीन अंतरिक्ष यात्राओं के दौरान बासठ घंटों से ज्यादा का स्पेस वॉक कर चुकी हैं। उनके पिता भारतीय हैं, इसलिए सुनीता के सुरक्षित लौटने को लेकर भारतवासी चिंतित थे। उन्होंने विभिन्न धार्मिक आयोजन किए। अंतरिक्ष में समोसे और गीता-उपनिषद ले जाने की बात कर विलियम्स ने भारतीयों में और भी अपनायित पैदा कर दी थी। इसका बड़ा श्रेय तो मस्क को ही जाता है। हालांकि उन्होंने इसे अमेरिकी चुनावों में राजनीतिक जंग के तौर पर इस्तेमाल किया था। बहरहाल, अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी ने दुनिया भर में मुस्कुराहट फैलाने का काम किया है।

# गज़ पे सवार होके आजा शेरांवालिएं - शेरावालिएं मां ज्योतावालिएं

**किशन सनमुखदास भावनानी /**

वैश्विक स्तरपर आदि अनादि काल से भारत आध्यात्मिक, आस्था का प्रतीक रहा है,जो हजारों वर्षों पूर्व के इतिहास में दर्ज है,जिसे हम कहानियों मान्यताओं के रूप में अपने पूर्वजों, पूर्वज पीडियों और वर्तमान में बड़े बुजुर्गों से सुनते आ रहे हैं। भारत एक सर्वधर्म धर्मनिरपेक्ष देश है जहां हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सहित अनेकों जातियों प्रजातियों उपजातियों द्वारा अपने-अपने स्तर व मान्यताओं के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। किसी को कोई पाबंदी नहीं है, यही भारतीय संविधान की खूबसूरती है,यह हम आज इसलिए कह रहे हैं क्योंकि 30 मार्च से 6 अप्रैल 2025 तक शुभ चैत्र नवरात्र दिवस हैं जो प्रतिवर्ष अक्सर अप्रैल महीने की भिन्न-भिन्न तिथियां में मनाए जाते हैं। यह किसी एक राज्य में नहीं बल्कि अनेक राज्यों में गहरी आस्था के साथ मनाया जाता है। इस अवधि में कठोर व्रत रखा जाता हैअपनी अपनी मान्यता सार्थकता के अनुसार-चप्पल नहीं पहनना, बाल शेविंग नहीं बनाना, नीचे धरती पर सोना, ब्रह्मचर्य रहना मौन धारण करना सहित अपनी शक्ति के अनुसार अनेक प्रकारों की के बातों से दूर रहने का पालन अपनी मनोकामना पूरा करने, फल की चाहना के लिए मां दुर्गा काली से कामना करते हैं। एक महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार मां दुर्गा गज यानें हाथी पर विराजमान होकर आ रही है। चूँकि चैत्र नवरात्र 30 मार्च-6 अप्रैल 2025- गज पर सवार होकर आएगी शेरावाँलिएं इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, चैत्र नवरात्र में मां का हर स्वरूप,नारी शक्ति के हर पहलू को दर्शाता है व महिला सशक्तिकरण की एक अद्भुत मिसाल भी पेश करता है।

साथियों बात अगर हम यह पर्व साल में चार बार मनाने की करें तो, यह पर्व साल में चार बार मनाया जाता है, जिनमें चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि का विशेष महत्व है. चैत्र नवरात्रि देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना का पर्व है, जो हर वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होता है।इस वर्ष चैत्र नवरात्रि का आरंभ 30 मार्च 2025 (रविवार) को होगा और इसका समापन 6 अप्रैल 2025 (रविवार) को होगा, इस बार नवरात्रि 9 दिन की बजाय केवल 8 दिन की होगी, क्योंकि तिथियों में परिवर्तन के कारण अष्टमी और नवमी एक ही दिन पड़ रही हैं।नवरात्रि सामान्यत: 9 दिनों तक मनाई जाती है, किंतु इस वर्ष तिथियों में कमी के कारण यह उत्सव 8 दिनों में समाप्त होगा। इसका कारण पंचांग की गणना है, जिसमें कभी-कभी तिथियों के संयोग के चलते एक दिन कम हो जाता है। फिर भी, धार्मिक दृष्टि से इसका विशेष महत्व है, क्योंकि कम दिनों में अधिक ऊर्जा और श्रद्धा के साथ पूजा करने का शुभ अवसर प्राप्त होता है।साथियों बात अगर हम 30 मार्च से 6 अप्रैल तक माता की सवारी और उसके महत्व की करें तो,इस बार चैत्र



(चैत्र नवरात्र 30 मार्च-6 अप्रैल 2025-गज़ पे सवार होक़े आएगी शेरावाँलिएं )

नवरात्रि की शुरुआत रविवार से हो रही है और जब रविवार के दिन से नवरात्रि शुरू होती है तो माता का वाहन हाथी होता है। हाथी पर सवार होकर माता का आगमन अधिक वर्षा का संकेत देता है। वैसे तो अलग- अलग वार याने दिन के अनुसार नवरात्रि में मां दुर्गा के वाहन डोली, नाव, घोड़ा, भैंसा, मनुष्य व हाथी होते हैं, मान्यता के अनुसार यदि नवरात्रि सोमवार या रविवार से शुरू हो रही है तो मां दुर्गा का वाहन हाथी होता है, जो अधिक वर्षा के संकेत देता है। वहीं यदि नवरात्रि मंगलवार और शनिवार शुरू होती है, तो मां का वाहन घोड़ा होता है, जो सत्ता परिवर्तन का संकेत देता है। इसके अलावा गुरुवार या शुक्रवार से शुरू होने पर मां दुर्गा डोली में बैठकर आती हैं जो रक्तपात, तांडव, जन-धन हानि का संकेत बताता है। वहीं बुधवार के दिन से नवरात्रि की शुरुआत होती है, तो मां नाव पर सवार होकर आती हैं। नाव पर सवार माता का आगमन शुभ होता है। अगर नवरात्रि का समापन रविवार और सोमवार के दिन हो रहा है, तो मां दुर्गा भैंसे पर सवार होकर जाती हैं, जिसे शुभ नहीं माना जाता है। इसका मतलब होता है कि देश में शोक और रोग बढ़ेंगे। वहीं शनिवार और मंगलवार को नवरात्रि का समापन हो तो मां जगदंबे मुर्गे पर सवार होकर जाती हैं। मुर्गे की सवारी दुख और कष्ट की वृद्धि को ओर इशारा करता है। बुधवार और शुक्रवार को नवरात्रि समाप्त होती है, तो मां की वापसी हाथी पर होती है, जो अधिक वर्षा को ओर संकेत करता है। इसके अलावा यदि नवरात्रि का समापन गुरुवार को हो रहा है तो मां दुर्गा मनुष्य के ऊपर सवार होकर जाती हैं, जो सुख और शांति की वृद्धि की ओर इशारा करता है। साथियों बात अगर हम चैत्र नवरात्र उत्सव आगमन की मान्यताओं की करें तो, रविवार 30 मार्च से चैत्र नवरात्र की शुरूआत होने जा रही है, जो 6 अप्रैल को समाप्त होगी. नवरात्र के नौ दिनों में मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की उपासना की जाती है। नौ दिनों के इस पर्व को भक्त जन बड़े ही श्रद्धा भाव से मनाते हैं। इस नवरात्र में लोग पूरे 8 दिन के व्रत भी रखते हैं तो कुछ लोग केवल शुरुआत और आखिरी का व्रत भी करते हैं, चैत्र नवरात्र के 8 दिनों तक देवियों के स्वरूपों के अनुसार ही उन्हें अलग-अगल भोग लगाया जाता हैँ। मांशैलपुत्री - नवरात्र के पहले दिनघटस्थापना की जाती है, इसी दिन मां के प्रथम स्वरूप की पूजा होती है. मां शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं. मां को संफेद रंग पंसद है. मां को भोग में शुद्ध गाय के घी या घी से बनी चीजों को भोग लगाया जाता है, माना जाता है कि इससे आरोग्य का अर्शीवाद मिलता है।मां ब्रह्मचारिणी - चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन मां के दूसरे स्वरूप की पूजा होती है. भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए मां ने कठोर तपस्या की थी. इस कठोर तप के कारण उनका नाम ब्रह्मचारिणी पड़ा, मां का प्रिय भोग शक्कर माना जाता है शक्कर का भोग लगाने से आयु लंबी होती है। मां चंद्रघंटा-पौराणिक कथाओं के अनुसार,मां दुर्गा नेदानवों के अंतक को खत्म करने के लिए चंद्रघंटा का रूप लिया था, इसी अवतार ने महिषासुर का वध कर देवताओं की रक्षा की थी. मां चंद्रघंटा को दूध का भोग लगाया जाता है, माता को दूध से बनी मिठाई या खीर का भोग लगाने से धन लाभ होता है।मां कुष्मांडा - मान्यता है कि मां कुष्मांडा ने अपनी दिव्य मुस्कान से ब्रह्मांड की रचना की है। मां को मालपुए का भोग लगाया जाता है. मां को मालपुए बेहद प्रसन्न हैं।भोग से प्रसन्न होकर मां अपने भक्तों की इच्छा पूरी कर देती हैं।मां स्कंदमाता-पौराणिक कथा के अनुसार, मां पार्वती ने अपने पुत्र कार्तिकेय को युद्ध के लिए तैयार करने के लिए स्कंदमाता का रूप लिया था।मां स्कंदमाता को केले का भोग लगाया जाता है मानयता है मां को केले का भोग लगाने से शारीरिक रोगों से मुक्ति मिलती है। छठे दिन मां कात्यानी - महर्षि कात्यायन के घर मां का जन्म हुआ था इसी वजह से उनका नाम कात्यानी पड़ा, देवी कात्यानी को देवी दुर्गा का छठा रूप कहा जाता है, मां को शहद बहुत प्रिय हैं। शहद का भोग लगाने से आकर्षण की प्राप्ति होती है।मां कालरात्रि - मां कालरात्रि ने ही शुभं-निशुभं औररक्तबीज नाम के राक्षसों को वध किया था। मां कालरात्रि नकारात्मकता का विनाश करने वाली हैं इनके शरीर रंग काला और बाल बिखरे होते हैं, इसलिए इन्हें कालरात्रि कहा जाता है।मां को गुड़ का बेहद पंसद है इन्हें गुड़ का भोग लगाने से आकस्मिक मौत नहीं होती है।मांमहागौरी - महागौरी को मां पार्वती के रूप माना जाता है। आठवें दिन को अष्टमी कहा जाता है, सभी भक्त इन दिन विशेष उपासना करते है. इस दिन नारियल का भोग लगता है,नारियल को भोग लगने से मां अपकी मनोकामना पूरी करती हैं। मां सिद्धदात्री - मां सिद्धदात्री को शक्ति का रूप कहा जाता है. मां भक्तों के भक्ती से प्रसन्न होकर नौ सिद्ध दें सकती हैं. नवरात्र के नौंवे दिन इनकी पूजा- हवन होने के बाद कन्या पूजन होती है. इस दिन मां को हलवा-पूरी और चने की सब्जी चढ़ाई जाती है फिर उस प्रसाद को कुमारी कन्याओं को खिलाए जाता है और खुद भी खाकर अपना नौ दिन के व्रत को समाप्त करते हैँ। साथियों बात अगर हम कन्याओं और देवी के शास्त्रों की पूजा की करें तो,अष्टमी को विविध प्रकार से मां शक्ति की पूजा करें, इस दिन देवी के शस्त्रों की पूजा करनी चाहिए, इस तिथि पर विविध प्रकार से पूजा करनी चाहिए और विशेष आहुतियों के साथ देवी की प्रसन्नता के लिए हवन करवाना चाहिए, इसके साथ ही 9 कन्याओं को देवी का स्वरूप मानते हुए भोजन करवाना चाहिए।

दुर्गाष्टमी पर मां दुर्गा को विशेष प्रसाद चढ़ाना चाहिए। पूजा के बाद रात्रि को जागरण करते हुए भजन, कीर्तन, नृत्यादि उत्सव मनाना चाहिए, 2 साल की कन्या को कुमारी कहा जाता है. इनकी पूजा से दुख और दरिद्रता खत्म होती है। 3 साल की कन्या त्रिमूर्ति मानी जाती है। त्रिमूर्ति के पूजन से धन-धान्य का आगमन और परिवार का कल्याण होता है। 4 साल की कन्या कल्याणी मानी जाती है,इनकी पूजा से सुख- समृद्धि मिलती है। 5 साल की कन्या रोहिणी माना गया है, इनकी पूजन से रोग-मुक्ति मिलती है।




उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून में राज्य सरकार के तीन साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य रोड शो में शामिल हुए।

# देश में जलवायु परिवर्तन-नई नीति की दरकार

राकेश दुबे

और भारतीय रिजर्व बैंक के मार्च बुलेटिन में प्रकाशित एक अध्ययन में भी एक गंभीर चिंता जताई गई है, जो देश में वर्षा के वितरण में तेजी से आ रहे बदलाव और खाद्यान्न फसलों पर इसके असर से जुड़ी है। अध्ययन कहता है कि भारतीय कृषि अब भी काफी हद तक मॉनसून पर निर्भर है। आधुनिक सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और जलवायु परिवर्तन से बेअसर रहने वाले नई किस्मों के बीज तैयार होने से राहत तो मिली है मगर मॉनसूनी बारिश अब भी निर्णायक होती है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दौरान होने वाली वर्षा खरीफ सत्र में कृषि उत्पादन के लिए बेहद जरूरी है। वर्षा का तरीका बदलने या सूखे जैसी स्थिति से फसल उगाने का चक्र बिगड़ जाता है और कीटों एवं पौधों से जुड़ी बीमारियों की समस्या भी बढ़ जाती है। पर्याप्त और समान वर्षा होने से कृषि उत्पादकता बढ़ जाती है। मॉनसून में अच्छी बारिश रबी सत्र के अनुकूल होती है। मिट्टी में पर्याप्त नमी रहने और जलाशयों में पानी का स्तर अधिक रहने से गेहूं, सरसों और दलहन जैसी फसलों की बोआई के लिए आदर्श स्थिति तैयार होती है।खरीफ सत्र में मोटे अनाज, तिलहन, दलहन और चावल की उपज में सालाना वृद्धि के आंकड़े देखें तो जिस साल दक्षिण पश्चिम मॉनसून सभी फसलों के लिए बेहतर रहा उस साल उत्पादन भी ज्यादा रहा। लेकिन अतिवृष्टि ने मक्के और तिलहन की उपज बिगाड़ी। अध्ययन में कहा गया है कि उत्पादन इस बात पर भी निर्भर करता है कि मॉनसूनी बारिश कब आती है। उदाहरण के लिए जून और जुलाई में कम बारिश मक्का, दलहन और सोयाबीन के लिए खास तौर पर नुकसानदेह होती है क्योंकि मिट्टी में नमी कम होने के कारण बोआई अटक जाती है और पौधों की शुरुआती बढ़वार पर भी असर पड़ता है। इसी तरह कटाई के समय अत्यधिक वर्षा से तिलहन उत्पादन घट जाता है। पिछले साल मॉनसून में शानदार वर्षा और सटीक ठंड रहने से चालू वित्त वर्ष में फसलों का उत्पादन बेहतर रहने की उम्मीद है। अनुमान है कि पिछले साल के मुकाबले खरीफ का उत्पादन 7.9 प्रतिशत और रबी का 6 प्रतिशत बढ़ सकता है। भारतीय मौसम विभाग ने 2025 के लिए मॉनसून के अनुमान जारी नहीं किए हैं मगर विश्व मौसम विज्ञान संगठन का अनुमान है कि भारत में इस साल वर्षा सामान्य या इससे अधिक हो सकती है।ध्यान रहे कि जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश के पैटर्न में आने वाले बदलाव कृषि उत्पादन पर ज्यादा असर डाल सकते हैं। मौसम की अतिरंजना अब अनोखी बात नहीं रह गई है। भारत में पिछले साल 365 में से 322 दिन मौसम की अति दिखी थी। इससे देश में 4.07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसलें प्रभावित हुईं। 2023 में 318 दिन मौसम ऐसा रहा था। जब तक इन प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए बहु-आयामी नीति नहीं अपनाई जाती है तब तक ऐसी घटनाएं बढ़ती ही रहेंगी।पिछले साल कम और असमान वर्षा के कारण गर्म हवा और बाढ़ की 250 घटनाएं सामने आईं। जलवायु परिवर्तन की वजह से बढ़ते तापमान और बाढ़ के कारण फसलों का उत्पादन घटने और इनमें पोषक तत्व कम होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। बदलती परिस्थितियों को देखते हुए जलवायु के अनुकूल कृषि कार्यों की तरफ कदम बढ़ाना आवश्यक हो गया है। कृषि में जलवायु परिवर्तन सहने की क्षमता रखने तौर-तरीके, नालियों की प्रणाली में सुधार, बाढ़ एवं सूखा प्रबंधन और तकनीक अपनाकर कृषि क्षेत्र में क्षमता एवं टिकाऊपन बढ़ाया जा सकता है। लंबे अरसे के लिए जल प्रबंधन पर भी हमें सतर्क रहना होगा। जैविक या रसायन रहित कृषि के बजाय प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहित करना होगा। इससे अलग-अलग मियाद वाली विविध फसलों से किसानों की आय ही नहीं बढ़ती बल्कि मिट्टी की गुणवत्ता भी बढ़ती है। कुल मिलाकर भारत को जलवायु परिवर्तन का प्रभाव कम करने और अनुकूल रणनीति अपनाने के लिए काम करना होगा।




मेष राशि: आज तरक्की के नये रास्ते खुले नजर आयेंगे। शाम तक अच्छी खबर मिलने की संभावना बन रही है। आप माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जायेंगे। पारिवारिक जीवन खुशहाल बना रहेगा। आप आसपास के लोगों से सहानुभूति बनाये रखेंगे। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के लिए दिन खास रहने वाला है। आपके साथ सब कुछ अच्छा होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा।

वृष राशि: आज करियर के मामले में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में धन लाभ के अवसर मिलेंगे। बिजनेस मैन को काम में बेहतर अपॉर्चुनिटिज़ मिलेगी। आज आप कुछ ऐसे लोगों के साथ जुड़ेंगे, जो आपकी हर तरह से मदद के लिये तैयार रहेंगे। आपको अपने सगे-संबंधियों से भी पूरा लाभ मिलेगा। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। दाम्पत्य रिश्ते की दूरियां खत्म होगी, रिश्ते में मधुरता आयेगी। बिजनेस में किसी काम को लेकर उलझ सकते हैं, लेकिन किसी अनुभवी की सलाह से जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। बच्चे आपसे अपनी बात शेयर कर सकते हैं। आज उधार लेन-देन से आपको बचना चाहिए। किसी काम से आपको अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको अपनी प्रतिष्ठा में वृद्धि लाने के लिए कई अवसर प्राप्त होंगे। आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए अग्रसर रहेंगे। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है। एक साथ बैठकर किसी खास मामले पर बातचीत हो सकती है। आज आप किसी तरह की राजनीति में उलझ सकते हैं। ऑफिस में काम की अधिकता थोड़ी ज्यादा होगी।

सिंह राशि: आज आपको लाभ के कई अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग जॉब की तलाश कर रहे हैं, उन्हें जॉब पाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। केमिस्ट्री स्टूडेंट्स के लिए दिन मिला-जुला रहने वाला है। मेहनत के बल पर आपको सफलता मिलेगी। आज कुछ अनुभवी लोगों से बेहतर सलाह मिलेगी। घर पर मेहमानों का आगमन आपको प्रसन्नता देगा। आज आपको खास बात पता चल सकती है, जिससे आप खुद को सरप्राइस महसूस करेंगे।

कन्या राशि: आज आपका दिन कुछ खास लेकर आने वाला है। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। किसी जरुरी काम में थोड़ी सी मेहनत करने से ही सफलता मिल जायेगी। लवमेट के लिए दिन फेवरेबल रहने वाला है, रिश्ते में नयापन आयेगा। वेब डिजाईनर्स के लिए दिन उत्तम रहने वाला है।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज मन स्थिर न होने की वजह से आप थोड़े उलझे हुए नज़र आयेंगे, लेकिन शाम तक आप बेहतर महसूस करेंगे। ऑफिस में सहयोगियों के साथ किसी प्रोजेक्ट को लेकर प्लान बनायेंगे। किसी काम को पूरा करने के लिए आज आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। आप अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाये रखेंगे। बायोलॉजी स्टूडेंट्स के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। टीचर्स का आपको पूरा सपोर्ट मिलेगा। माता-पिता के साथ कहीं घूमने जायेंगे।

धनु राशि: आज पैसों से जुड़ा मामला आसानी से सुलझ जायेगा। आज दिनभर उत्साह और कॉन्फिडेंस रहेगा। आपको कुछ नई चीज़ों से जुड़ाव महसूस होगी। आपके स्वभाव में धीरज बना रहेगा। आप अपनी सभी समस्याओं का हल आराम से ढूंढ निकालेंगे। आज आप जो काम शुरू करेंगे उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी। आप कुछ समय मनोरंजन में भी बितायेंगे।

मकर राशि: आज आपकी सेहत पहले की अपेक्षा अच्छी रहेगी। आज का दिन खुद में बदलाव लाने के लिये अच्छा है। करियर में आपकी सफलता सुनिश्चित होगी। आज आपको घर के वरिष्ठ लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यवसाय के सिलसिले में विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा होगी, जिससे आपका मन खुश रहेगा। आज आप अपने मन की बात दोस्तों से शेयर कर सकते हैं।

कुंभ राशि:आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन प्राप्त होगा। नौकरीपेशा लोगों को काम में सफलता हासिल होगी। आपके रुके हुए काम आज जरूर पूरे होंगे। ऑफ़िस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा। व्यापारियों को आय के नए स्रोत मिलेंगे। साथ ही आज आप सेहतमंद बने रहेंगे। आप जीवनसाथी के सहयोग से किसी नये काम की शुरुआत के बारे में सोच सकते हैं। आज आपकी सकारात्मक सोच जिंदगी में बड़ा बदलाव ला सकती है। कुल मिलाकर आज का दिन बढ़िया रहेगा।

मीन राशि:आज करियर के मामले में चीज़ें बेहतर होने के आसार हैं। आप अपना काम अच्छे से पूरा करने की कोशिश करेंगे। आज आप जीवनसाथी के साथ घूमने जायेंगे, उनके लिए खरीदारी भी करेंगे। लम्बे समय से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से आज आपको छुटकारा मिलेगा।

# सीरिया में गृह युद्ध की आशंका बढ़ी

**डॉ. ब्रह्मदीप अलूने**

राजनीतिक अस्थिरता, धार्मिक हिंसा, चरमपंथ, आतंकवाद और विदेशी हस्तक्षेप सीरिया की प्रमुख समस्या रही हैं, और लगता है कि असद के पतन के बाद भी मध्य-पूर्व के इस देश में शांति लौटती हुई दिखाई नहीं दे रही है।

असद के समर्थकों को मोहम्मद अल-जुलानी पर भरोसा नहीं है, और उनकी आशंका सच भी साबित हुई है। अल्पसंख्यक अलावी समुदाय के हजारों लोगों को मार दिया गया है। ऐसे तथ्य सामने आए हैं कि हयात तहरीर अल-शाम के सुरक्षा बलों को पूर्व राष्ट्रपति असद के समर्थकों से लडने् के लिए भेजा गया है।

सीरियाई सुरक्षा बलों द्वारा सीरियाई तट के गांवों और इलाके के लोगों की हत्या, कब्जा और यातना के कई वीडियो सामने आ रहे हैं, जिन्हें लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहरी चिंता जताई जा रही है। सीरिया की अंतरिम सरकार ने देश के तटीय इलाकों लताकिया और टार्टस में बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया है। लताकिया में अलावाइट्स, सुन्नी मुस्लिम और ईसाई जैसे जातीय और धार्मिक समूह रहते हैं। लाताकिया सीरिया का अलावाइट बहुल क्षेत्र है, और यहां अलावाइट समुदाय का विशेष प्रभाव है। टार्टस सीरिया के पश्चिमी तट पर स्थित है, और यहां अलावाइट समुदाय की अधिकता है। यह इलाका बशर अल-असद का प्रमुख गढ़ माना जाता है। देश के तटीय इलाकों में अलावी और ईसाई अल्पसंख्यक समुदाय पर सुरक्षा बलों के हमलों का असर देश के दूसरे कई इलाकों पर पड़ रहा है, और इससे तनाव गहरा गया है। मोहम्मद अल-जुलानी देश में बाहरी हस्तक्षेप रोकने की बात कह रहे थे लेकिन उनके कदम ठीक इससे उलट दिखाई दे रहे हैं। सीरिया की सरकार ने देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने और पेशेवर सेना तैयार करने के लिए देश के सशस्त्र बलों में उइगर, जॉर्डनियन और तुर्क सहित कुछ विदेशी लड़ाकों को प्रमुख जिम्मेदारियां सौंपी हैं। उनका यह कदम अन्य जातीय-धार्मिक समूहों के लिए विचलित करने वाला है। जुलानी का आईएस से गहरा संबंध रहा है, और दुनिया के इस सबसे दुर्दांत आतंकी संगठन का किसी देश में सीमा पर कोई विश्वास नहीं है, आईएस को विदेशी लड़ाकों की सुस्थापित सैन्य इकाई माना जाता है। जुलानी ने आईएस से अलग होकर ही हयात तहरीर अल-शाम नामक गुट बनाया था और वे खुद को उदार नेता के रूप में प्रस्तुत कर सीरिया के कई जातीय समूहों का विश्वास जीतने में सफल भी हो सके। लेकिन अब जब देश की कमान उनके हाथ में आई तो उन्हें लेकर आशंकाएं भी कम नहीं हैं।

एचटीएस की स्थापना 2011 में एक अलग नाम, जबात अल-नुसरा के तहत अल-कायदा के प्रत्यक्ष सहयोगी के रूप में की गई थी। स्वयंभू इस्लामिक स्टेट का नेता अबू बक्र अल-बगदादी भी इसके गठन में शामिल था। अल-जुलानी ने सार्वजनिक रूप से अल कायदा और इस्लामिक स्टेट से नाता तोड़ लिया है, लेकिन वे सुन्नी मुसलमान हैं, जो खलीफाओं के प्रभुत्व को स्वीकार करते हैं।

खलीफा अरबी भाषा में ऐसे शासक को कहते हैं, जो किसी इस्लामी राज्य या अन्य शरिया से चलने वाली राजकीय व्यवस्था का शासक हो। यह इस्लाम की पारंपरिक और प्राचीन विचारधारा है, जिस पर बहुसंख्यक सुन्नी भरोसा करते हैं। दुनिया में आईएस के उभार के केंद्र में इस विचारधारा को रखा गया जब एक दशक पहले इस्लामी चरमपंथी संगठन आईएस ने इराक और सीरिया में अपने कब्जे वाले इलाकों में खिलाफत यानी इस्लामी राज्य का ऐलान किया। शिया मुसलमान इतिहास की इस व्याख्या को स्वीकार नहीं करते।

असद के जाने के बाद शिया गहरे दबाव में हैं। अलावी, इस्माइलिस और अन्य शिया सीरिया की आबादी का करीब तेरह फीसद हिस्सा हैं। बशर अल-असद सरकार के पतन से पहले उनकी शासन व्यवस्था में सकारात्मक स्थिति मौजूद थी। हयात अल-शाम को सुन्नियों का संगठन माना जाता है, यदि इस विद्रोही संगठन ने शियाओं को निशाना बनाने की कोशिश की तो सीरिया में ईरान और तुर्की के हित भी टकराएंगे। सीरिया में तुर्की ईरान की जगह ले सकता है। सीरिया की बाईस मिलियन आबादी में से दसवां हिस्सा ईसाइयों का है। रूस खुद को बीजान्टिन साम्राज्य और उसकी रूढ़िवादी ईसाई धार्मिक विरासत के प्राकृतिक उत्तराधिकारी के रूप में देखता है, जो सीरियाई रूढ़िवादी ईसाई चर्च से बहुत जुड़ा हुआ है। वहीं अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत करने के लिए भी रूस सीरिया में बने रहना चाहता है, जिससे वह पूर्वी भूमध्य सागर, दक्षिणी यूरोप और उत्तरी अफ्रीका तक अपनी मौजूदगी को बढ़ा सके। भूमध्य सागर में रूस की रणनीति तीन प्रमुख लक्ष्यों पर केंद्रित है, भूमध्य सागर की भौगोलिक स्थिति का लाभ उठा कर अपनी सुरक्षा में सुधार करना, भूमध्य सागर में अपनी स्थिति का उपयोग करके अमेरिका के लिए एक वैकल्पिक विश्व शक्ति के रूप में रूस की स्थिति को बढ़ाना और सीरिया में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना। रूस का काला सागर बेड़े के लिए एकमात्र भूमध्यसागरीय नौसैनिक अड्डा सीरिया के बंदरगाह शहर टार्टस में स्थित है। टार्टस सीरिया के पश्चिमी तट पर स्थित है, और यहां अलावाइट समुदाय की अधिकता है। अब अलावी समुदाय के लोग रूस से सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं। सीरिया में रूस, तुर्की, ईरान, सऊदी अरब और अमेरिका का गहरा दखल है। तुर्की सीरिया की वर्तमान सुन्नी सरकार को समर्थन देकर कुदरे पर दबाव बढ़ा रहा है।

सीरिया में तुर्की की प्राथमिक रुचि उत्तरी सीरिया में कुर्द समूहों से लडने् के लिए एक बफर जोन और एक पुलहेड बनाने की रही है। उत्तरी सीरिया के कुर्द बल में कुर्दिश पीपुल्स प्रोटेक्शन यूनिट्स मिलीशिया का दबदबा है। तुर्की इसे अपनी सीमा पर मौजूद खतरे की तरह देखता है। तुर्की कुदरे के एक हिस्से को आतंकवादी समूह बताता है। असद को ईरान का समर्थन हासिल था लेकिन अब तुर्की समर्थक सरकार बनने से मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक परिदृश्य बदल गया है। मोहम्मद अल-जुलानी को अपने देश में शांति की स्थापना के लिए विदेशी हस्तक्षेप को रोकना होगा और सभी वगरे से बातचीत कर सर्वमान्य सरकार बनाना होगा। फिलहाल, जुलानी आर्दोआन के हितों को आगे बढ़ा रहे हैं, और यह स्थिति सीरिया में गृह युद्ध की आशंका को बढ़ा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

# हिमाचल प्रदेश सरकार ने स्टाम्प ड्यूटी बढ़ाई

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश काश्तकारी एवं भूमि सुधार अधिनियम-1972 की धारा 118 के तहत भूमि खरीद की अनुमति देने के लिए स्टाम्प ड्यूटी बढ़ा दी है। नयी स्टाम्प ड्यूटी संरचना को पहली बार 13 फरवरी, 2025 को जारी भारतीय स्टाम्प (हिमाचल प्रदेश संशोधन) अध्यादेश, 2025 के माध्यम से लागू किया गया था। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की ओर से राज्य विधानसभा में पेश किये गये विधेयक के माध्यम से अब इन्हें औपचारिक रूप दिया जा रहा है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में लागू भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के तहत मौजूदा स्टाम्प ड्यूटी दरें तर्कहीन पाई गईं और उन्हें चरणों में संशोधित किया जा रहा है। गैर-कृषकों से जुड़े भूमि लेनदेन से राजस्व बढ़ाने के लिए सरकार ने स्टाम्प ड्यूटी को छह प्रतिशत से बढ़ाकर बारह प्रतिशत कर दिया है। यह बढ़ोतरी स्वामित्व और पट्टा समझौतों दोनों के आधार पर भूमि हस्तांतरण पर लागू होती है। इस निर्णय के साथ हिमाचल प्रदेश में भूमि खरीदने वाले गैर-कृषकों को अब पहले की तुलना में दोगुना स्टाम्प शुल्क देना होगा।

# ट्रक ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, एक की मौत, एक गंभीर

ऊना ,(आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश में अम्ब-ऊना हाईवे पर गांव धुसाड़ा में एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान अनिल कुमार (30) निवासी ततवानी, शाहपुर (कांगड़ा) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने यहां बताया कि युवक मोटरसाइकिल से बद्दी से अपने घर जा रहा था, इसी दौरान ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी । इसके साथ ही पैदल जा रहे एक व्यक्ति को भी ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। घायल अनिल कुमार (31) निवासी सुराली, खुंडियां (कांगड़ा) को गंभीर हालत में टांडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सडकों के बीच में आने वाले खंभों को हटाया जायेगा : विज

चंडीगढ (आरएनएस)। हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने शुक्रवार को विधानसभा (विस) में चल रहे बजट सत्र के दौरान कहा कि वह सडकों के बीच में आने वाले खंभों को हटाने के पक्ष में हैं और सदन को आश्वासन देता हूं कि हम इन खंभों को हटाएंगें। विज बजट सत्र के दौरान एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हुए है कि पूरे हरियाणा का एक सर्वे करवाया जाए कि कितने खंभे अब सडकों के बीच में आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि बजट अनुसार इन सभी खंभों को हटाया जाएगा।उन्होंने बताया कि मौजूदा प्रावधान के तहत खंबे और तारें शिफ्ट करने का खर्चा पंचायत, नगर पालिका या नगर परिषदों या नगर निगम को ही देना होता है। इसके अलावा, मैंने हिदायत दी हुई है कि पंचायत समिति या नगर पालिका या नगर परिषद या नगर निगम के खाते में यह हर छह महीने में जमा कर दिए जाएं और उस पैसे से यह खंबे शिफ्ट करवाए जा सकते हैं।

# राज्य गीत 'जय-जय-जय-हरियाणा' पर लगी विस की स्वीकृति की मुहर

चंडीगढ (आरएनएस)। हरियाणा विधानसभा ने शुक्रवार को राज्य गीत को सर्वसम्मति से ध्वनिमत से स्वीकृत कर लिया। गीत 'जय-जय-जय-हरियाणा' सदन में सुनाया भी गया। इससे पूर्व हरियाणा राज्य गीत चयन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह यादव ने सदन में समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसे सदन ने सर्वसम्मति जताते हुए ध्वनिमत से स्वीकृत कर लिया। समिति में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव (अध्यक्ष) के अलावा विधायक गीता भुक्कल, विनोद भ्याना, बलवान सिंह दौलतपुरिया, आदित्य देवीलाल सदस्य हैं। 14वीं विधान सभा के दौरान विधायक जोगी राम सिहाग, नीरज शर्मा, बिशम्बर सिंह भी सदस्य रहे। विधान सभा के प्रभारी सचिव डॉ. सतीश कुमार और मीडिया एवं संचार अधिकारी दिनेश कुमार इस समिति के अधिकारी हैं।

समिति ने जिस गीत की अनुशंसा की है उसे डॉ. बाल किशन शर्मा ने लिखा है। डॉ. श्याम शर्मा ने गाया है, पारस चोपड़ा ने संगीतबद्ध किया तथा सुश्री मालविका पंडित ने इसका निर्देशन किया है। विषय विशेषज्ञ के तौर पर लोक कलाकर पदमश्री महावीर सिंह गुड्डू समिति की बैठकों में शामिल रहे।




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में एनजीटी द्वारा आयोजित पर्यावरण 2025 पर राष्ट्रीय सम्मेलन में एक समूह फोटो के लिए पोज देती हुई।

# जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री ने शहीद पुलिसकर्मी को श्रद्धांजलि दी

श्रीनगर (ए)। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला शनिवार को एक पुलिसकर्मी को श्रद्धांजलि देने के लिये आयोजित समारोह में शामिल हुए और पुष्प चक्र अर्पित कर दिवंगत को श्रद्धांजलि दी। वह अपने तीन सहयोगियों के साथ कठुआ जिले में पाकिस्तानी आतंकवादियों के साथ दो दिन तक चली मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। अब्दुल्ला ने गुलशन ग्राउंड स्थित पुलिस मुख्यालय में पुलिस चौकी सफियान के प्रभारी प्रधान सिपाही जगबीर सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी, मंत्री सतीश शर्मा, पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात और अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस, सीआरपीएफ, बीएसएफ व सेना के अधिकारियों ने भी शहीद पुलिसकर्मी को श्रद्धांजलि दी। सफियान के दूरस्थ वन क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में चार पुलिसकर्मी और पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े दो आतंकवादी मारे गए थे। तीन अन्य शहीद पुलिसकर्मियों को शुक्रवार देर शाम कठुआ जिला पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि दी गई।

# मुझे गलत फंसाया गया, सैफ अली खान पर हमला करने वाले ने किया दावा; कोर्ट से लगाई गुहार



मुंबई (ए.)। सैफ अली खान पर हमले के आरोपी शरीफुल इस्लाम शहजाद ने मुंबई सेशन कोर्ट में याचिका फाइल की है। आरोपी ने दावा किया है कि उसने कोई अपराध किया ही नहीं। उसका कहना है कि उस पर लगाए गए आरोप झूठे हैं और उसे फंसाने के लिए केवल साजिश रची गई है। इस्लाम के वकील ने कहा की उनके क्लाइंट के खिलाफ झूठा केस दर्ज किया गया है। वह किसी भी अपराध में कभी शामिल नहीं रहा है।

वकील का कहना है कि शरीफुल इस्लाम ने अब तक की जांच में सहयोग किया है। याचिका में यह भी कहा गया कि जांच टीम ने सीसीटीवी फुटेज, कॉल रिकॉर्डिंग समेत सभी सबूत इकट्ठा कर लिए हैं। ऐसे में ऐसी भी संभावना नहीं है कि आरोपी सबूतों से छेड़छाड़ करेगा। इस्लाम पर आरोप है कि वह 16 जनवरी की रात को डकैती के इरादे से सैफ अली खान के घर में घुस गया था। उसने सैफ अली खान और उनकी मेड गीता पर हमला किया। आरोप है कि इस्लाम ने डंडे और हेग्जा ब्लेड से हमला किया था।घटना के बाद सैफ अली खान को गंभीर चोटें आई थीं। सैफ अली खान के स्टाफ के ही एलिमा फिलिप के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया था। बांद्रा मजिस्ट्रेट कोर्ट में यह केस चल रहा है। बांद्रा पुलिस के चार्जशीट फाइल करने के बाद बाद केस सेशन कोर्ट में शिफ्ट कर दिया जाएगा। जमानत याचिका में कहा गया है कि इस्लाम को सजा मिलने से पहले ही इस तरह से सजा देना किसी उद्देश्य को पूर्ण नहीं करता है। बांद्रा पुलिस ने अभी तक इस केस में चार्जशीट फाइल नहीं की है। जल्द ही कोर्ट इस्लाम की जमानत याचिका पर सुनवाई कर सकता है।

# मुंबई में एक फ्लाईओवर पर कार ने टैक्सी में मारी टक्कर, दो की मौत

मुंबई (ए.)। मुंबई के दादर क्षेत्र में शनिवार को एक फ्लाईओवर पर लापरवाही से चलायी जा रही कार ने टैक्सी में टक्कर मार दी और इस हादसे में चालक और एक महिला यात्री की मौत हो गयी।पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि जांच में प्रथम दृष्टया पाया गया कि चालक लापरवाही से कार चला रहा था। पुलिस के मुताबिक जिन लोगों की जान गयी है उनमें टैक्सी चालक और यात्री रेखा परमार शामिल हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना एलफिंस्टन ब्रिज पर दोपहर करीब सवा एक बजे हुई, जब प्रियांशु बांद्रे (21) कार से दादर रेलवे स्टेशन की ओर जा रहा था। पुलिस के अनुसार, बांद्रे कार पर नियंत्रण खो बैठा जिसके कारण कार पुल के उत्तर की लेन से दक्षिण की लेन की ओर ओर चली गई और टैक्सी से टकरा गई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने बांद्रे के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की है और मामले में जांच की जा रही है।

# रमजान में भेड़ों की भारी डिमांड, 2 करोड़ की बिकी भेड़ें



सलेम, (आरएनएस)। तमिलनाडु के सलेम जिले में वीरगनूर मवेशी बाजार में रमजान के दौरान खूब रौनक रही। यहां 2,000 से ज्यादा भेड़ें बिकीं और कुल कारोबार 2 करोड़ रुपये से अधिक हुआ। यह बाजार 100 साल से भी ज्यादा पुराना है और तमिलनाडु के सबसे बड़े मवेशी बाजारों में से एक है। रमजान के मौके पर भेड़ों की बिक्री से व्यापारियों और पशुपालकों के चेहरे पर खुशी छा गई। बाजार में सेमराई, थलैसेरी और नट्टिनाडु जैसी कई नस्लों की भेड़ें बिक्री के लिए लाई गईं। इनकी कीमत 3,500 रुपये से लेकर 25,000 रुपये प्रति भेड़ तक रही। अलग-अलग कीमतों की वजह से हर तरह के खरीदारों ने यहां से खरीदारी की। रमजान के दौरान भेड़ों की डिमांड बढ़ने के कारण बाजार में भीड़ रही और कारोबार उम्मीद से भी ज्यादा हुआ। वीरगनूर मवेशी बाजार भेड़ व्यापार का बड़ा केंद्र है। यहां सलेम के अलावा नमक्कल, इरोड, कल्लकुरिची, विल्लुपुरम, तिरुचि, मदुरै, थेनी और रामनाथपुरम जैसे कई जिलों से खरीदार और विक्रेता पहुंचे। बाजार में सुबह से ही चहल-पहल शुरू हो गई थी। पशुपालक अपनी भेड़ें लेकर आए, जबकि खरीदार रमजान के लिए तैयारियाँ करने बाजार पहुंचे। इस मौके पर बाजार में सौदेबाजी और खरीद-फरोख्त का जोरदार माहौल देखने को मिला।

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि वीरगनूर बाजार की खासियत इसकी पुरानी परंपरा और भरोसा है। यहां हर साल रमजान के दौरान भेड़ों की बिक्री बढ़ती है। इस बार भी बाजार ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए 2 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार किया। पशुपालकों ने बताया कि अच्छी कीमत मिलने से उनकी मेहनत सफल हुई, वहीं खरीदार भी अपनी पसंद की भेड़ें ले जाकर खुश नजर आए। बाजार में व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन भी सक्रिय रहा। भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक और सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। यह आयोजन न सिर्फ व्यापार के लिए, बल्कि इलाके की अर्थव्यवस्था के लिए भी अहम रहा। रमजान से दौरान हुई इस बिक्री ने वीरगनूर मवेशी बाजार की अहमियत को एक बार फिर साबित कर दिया।

# संसद में महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा को अवरुद्ध कर रही सरकार : प्रियंका गांधी



नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को केंद्र सरकार पर संसद में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने और सार्थक चर्चा को अवरुद्ध करने का आरोप लगाया। कांग्रेस सांसद ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार का दृष्टिकोण किसी भी संभव तरीके से महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा से बचना है, तथा इसके लिए वह विभिन्न हथकंडे अपनाती है। विपक्षी आवाजों को कथित तौर पर दबाने से जुड़े सवालों पर प्रियंका ने आरोप लगाया कि सरकार ने संसद में चर्चा को अवरुद्ध कर दिया है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, ''मैंने संसद के पिछले कुछ सत्रों में देखा है कि सरकार की नीति किसी भी तरह से चर्चा से बचना है - चाहे वह किसी ऐसी बात को उठाना हो जिसके बारे में उन्हें लगता है कि विपक्ष विरोध करने वाला है, या फिर विपक्ष के नेता को बोलने की अनुमति न देना हो। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार संसद में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से चलने से रोक रही है और सांसदों के लिए यह देखना बहुत दुखद है। कांग्रेस नेता ने दावा करते हुए कहा, ''विपक्ष पर अक्सर संसद में हंगामा करने और उसकी कार्यवाही को बाधित करने का आरोप लगाया जाता है, लेकिन यह प्रक्रिया हम इस सरकार के तहत देख रहे हैं...सरकार स्वयं संसद में हंगामा कर इसकी कार्यवाही को बाधित कर रही है, जो शायद सभी के लिए देखने वाली बहुत नयी बात है।'' इससे पहले दिन में प्रियंका गांधी यहां कलपेट्टा स्थित कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में शामिल हुईं।

### मुख्यमंत्री साय ने जरुरतमंदों महिलाओं को बांटी सौगात-ए-मोदी

रायपुर,(आरएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रमजान के पाक महीने में ईद से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल सौगात-ए-मोदी के तहत मुस्लिम समाज की जरूरतमंद महिलाओं को सौगातें भेंट की. मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय ने गरीब महिलाओं को गिफ्ट पैकेट वितरित किए, जिसमें लेडीज सूट का कपड़ा, सेवइयां, खजूर और मिठाइयां शामिल थी. मुख्यमंत्री साय ने सभी को ईद की बधाई देते हुए कहा कि ईद का पर्व प्रेम, सद्भाव और एकजुटता का प्रतीक है. डॉ. सलीम राज ने बताया कि इसके पहले रायपुर में अल्पसंख्यक मोर्चे और छत्तीसगढ़ वक्फबोर्ड के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 500 महिलाओं को गिफ्ट पैकेट वितरित किए गए।

# मणिपुर में समाधान राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए : राहुल गांधी



इंफाल (ए.)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि मणिपुर के लोग शांति और स्थिरता के हकदार हैं तथा वहां संघर्ष का समाधान राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए। मणिपुर के कई कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार को संसद भवन स्थित राहुल गांधी के कार्यालय में उनसे मुलाकात की थी। राहुल गांधी ने शनिवार को 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा, ''कल संसद भवन में मणिपुर के विभिन्न समुदायों के कांग्रेस नेताओं से मुलाकात हुई। यह बेहद चिंताजनक है कि लगभग दो साल की हिंसा और अब राष्ट्रपति शासन के बाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभी तक राज्य का दौरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि मणिपुर के लोग शांति और स्थिरता के पात्र हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने इस बात पर जोर दिया, ''प्रत्येक भारतीय इस संकट का स्थायी समाधान चाहने के लिए एकजुट है। इस संघर्ष का समाधान हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए।




कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी ने केरल के वायनाड में निर्वाचित प्रतिनिधियों, नेताओं और प्रतिनिधिमंडलों के साथ बातचीत की, प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की और क्षेत्र के कल्याण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# 4 मई को केंद्र के साथ बैठक में किसानों को व्यक्तिगत रूप से ले जाऊंगा : सीएम भगवंत मान



चंडीगढ़ (ए.)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि वह किसान आंदोलन का समर्थन करते हैं और वह केंद्र के साथ 4 मई को होने वाली वार्ता के लिए किसानों को व्यक्तिगत रूप से ले जाएंगे। टीवी 9 शिखर सम्मेलन में बोलते हुए पंजाब के सीएम ने यह भी कहा कि विरोध करना किसानों का लोकतांत्रिक अधिकार है। सीएम ने कहा, मैं शंभू और खन्नौरी बॉर्डर पर किसानों के विरोध प्रदर्शन का पूरी तरह से समर्थन करता हूं। अपने अधिकारों के लिए लड़ना हर किसी का लोकतांत्रिक अधिकार है। मैं किसानों को 4 मई को केंद्र के साथ होने वाली बैठक में व्यक्तिगत रूप से ले जाऊंगा...हमने उनके साथ प्यार से पेश आया है...अभी तक उन पर कोई लाठी या पानी की बौछार नहीं की गई है। उन्होंने आगे कहा कि किसानों का विरोध केंद्र सरकार के पास है और नुकसान के कारण पंजाब की सीमाएं फिर से खोली गई हैं। सीएम ने सवाल किया कि विरोध का मामला केंद्र सरकार के पास है। रास्ते पूरी तरह से बंद कर दिए गए थे... पंजाब को विरोध के कारण नुकसान हो रहा था और हमें सीमाएं खोलनी पड़ीं। मांग केंद्र से है, तो पंजाब के लोगों को परेशानी क्यों हो रही है? पंजाब सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने हरियाणा के पास शंभू और खनौरी बॉर्डर से प्रदर्शनकारी किसानों को हटा दिया है और आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल ने भी अपना अनशन तोड़ दिया है। राज्य में नशे की समस्या से निपटने के लिए उठाए गए कदमों पर बोलते हुए मान ने कहा कि पंजाब ने कोई बुलडोजर कार्रवाई नहीं की है, बल्कि पंजाब में नशे के खिलाफ जंग छेड़ी है।



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजु और दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा नई दिल्ली के गुरुद्वारा रकाबगंज में पीएम विकास योजना के तहत एक परियोजना के शुभारंभ में शामिल हुए।

# ईडी 22 करोड़ की कमाई का स्रोत जानने गई थी, वहां पोर्न से हो रही थी अंधी कमाई




नोएडा(ए)। नोएडा के एक घर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक टीम यह जानने गई थी कि 22 करोड़ की विदेशों से आई रकम की मूल वजह क्या है। जब टीम वहां पहुंची तो शानदार स्टूडियो और मॉडल्स के साथ न्यूड वीडियो देखकर हैरान रह गए। छापेमारी करने पहुंची तो एक एक बड़े और गंदे धंधे का खुलासा हो गया। नोएडा के जिस कपल के घर ईडी पहुंची थी उन पर आरोप है कि एक विदेशी पोर्न वेबसाइड को पोर्न वीडियोज और वेबकैम शो बेचकर करोड़ों की कमाई कर रहे थे।

सोशल मीडिया के जरिए यह कपल मॉडलिंग में करियर बनाने का सपना देखने वाली लड़कियों को झांसे में लेता था। सोशल मीडिया और कुछ अन्य वेबसाइट्स पर इसके लिए विज्ञापन दिया जाता था। जो लड़कियां विज्ञापन देखकर पहुंचती थीं उन्हें मोटी कमाई का लालच देकर पोर्न कारोबार में धकेल दिया जाता था। एडल्ट वीडियो से होने वाली कमाई का 25 फीसदी हिस्सा मॉडल्स को दिया जाता था। ईडी की टीम ने जब छापेमारी की तो कुछ मॉडल्स भी वहां शो करती मिलीं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने उनसे भी पूछताछ की है और बयान दर्ज किए हैं।

छापेमारी के दौरान घर पर मॉडल्स शो करती हुईं मिलीं और 8 लाख रुपए कैश भी बरामद हुआ है। दरअसल, पति-पत्नी ने मिलकर सबडिजी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड नाम की एक कंपनी बनाई थी। यह कंपनी अडल्ट वीडियो का कारोबार कर रही थी। कपल ने साइप्रस की एक कंपनी टेक्नियस लिमिटेड से समझौता किया था। टेक्नियस लिमिटेड की ओर से एक्सहैम्सटर और स्ट्रिपचैट जैसी पोर्न वेबसाइट का संचालन किया जाता है। नोएडा में देसी पोर्न बनाकर यह कपल विदेशी वेबसाइट को भेजता था और बदले में वहां से उन्हें मोटी रकम अकाउंट में भेजी जाती थी।

इधर सबडिजी के खाते में लगातार विदेश से मोटी रकम आ रही थी। कंपनी की ओर से बताया जाता था कि वह विज्ञापन, मार्केट रिसर्च और पब्लिक ओपनियन पोल जैसे कारोबार में शामिल है।

फेमा नियमों के उल्लंघन का शक होने पर पर ईडी ने जब इसकी जांच शुरू की तो पूरा खेल सामने आ गया। ईडी के मुताबिक, सबडिजी कंपनी और इसके डायरेक्टर्स के अकाउंट्स में विदेशों से 15.66 करोड़ रुपये आने का पता चला है। इसके अलावा नीदरलैंड्स में भी एक अकाउंट का पता चला है जिसमें 7 करोड़ रुपये भेजे गए थे। इस रकम को इंटरनेशनल डेबिट कार्ड्स के जरिए भारत में कैश निकाला जा चुका है। इस तरह अब तक 22 करोड़ से अधिक कमाई का पता चल चुका है।

# तारक मेहता का उल्टा चश्मा से पूरी तरह कटा दिशा वकानी का पत्ता, जेठालाल को मिली नई दया बेन; शूटिंग शुरू




दिशा वकानी कई फिल्मों और टीवी शो का हिस्सा रही हैं, लेकिन उनका सबसे मशहूर किरदार 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की 'दया बेन' का रहा है। उन्होंने 2017 में शो छोड़ दिया था। इसके बाद कई बार उनकी वापसी की खबरें आईं, लेकिन हर बार वह महज अफवाह साबित हुईं। अब शो में दया बेन की वापसी की खबरें फिर सामने आई हैं, लेकिन दिशा वकानी के रूप में नहीं, बल्कि नए कलाकार की कास्टिंग की खबरें सामने आई हैं। अब कथित तौर पर निर्माताओं ने दिशा का रिप्लेसमेंट ढूंढ लिया है।

**एक अभिनेत्री को किया गया फाइनल**

इससे पहले शो के निर्माता असित मोदी ने पुष्टि की थी कि दिशा शो में वापस नहीं आएंगी, जिसका मतलब था कि निर्माताओं को उनका रिप्लेसमेंट ढूंढना होगा। अब न्यूज 18 की रिपोर्ट के अनुसार, शो के निर्माता असित मोदी दया बेन की भूमिका के लिए ऑडिशन ले रहे थे और आखिरकार उन्होंने किसी को शॉर्टलिस्ट कर लिया है। एक सूत्र ने बताया है कि हां, यह सही है। असित नई दया बेन की तलाश में थे और हाल ही में एक ऑडिशन ने उन्हें काफी प्रभावित किया। अभिनेत्री के साथ मॉक शूट चल रहे हैं। वह हमारे साथ शूटिंग करते हुए यहां करीब एक सप्ताह से हैं।

**2017 में शो में आखिरी बार नजर आई थीं दिशा**

दिशा की शादी नवंबर 2015 में हुई थी और 2017 में वह गर्भवती हो गईं। वह मातृत्व अवकाश पर चली गईं और फिर कभी शो में वापस नहीं आईं। बीच में चर्चा थी कि वह वापसी कर सकती हैं, लेकिन 2022 में उन्हें अपने दूसरे बच्चे का आशीर्वाद मिला। अभिनेत्री ने कथित तौर पर अभिनय छोड़ने का फैसला किया है।

**दिशा के साथ असित का परिवार जैसा रिश्ता**

इस साल की शुरुआत में असित मोदी ने कहा था, 'मेरा मानना है कि दिशा वकानी वापस नहीं आ सकतीं। उनके दो बच्चे हैं। वह मेरी बहन की तरह हैं। आज भी उनके परिवार से हमारा बहुत करीबी रिश्ता है। मेरी बहन दिशा वकानी ने मुझे राखी बांधी है। उनके पिता और भाई भी मेरे लिए एक परिवार हैं।

# शालिनी पांडे के साथ वैनिटी वैन में हुई थी चौंकाने वाली घटना



मुंबई (ए.)। हाल ही में बालीवुड अभिनेत्री शालिनी पांडे ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआती दिनों की एक डरावनी घटना के बारे में बात की, जिसने पूरी इंडस्ट्री को हैरान कर दिया।

फिल्म अर्जुन रेड्डी में डॉ. प्रीति शेट्टी का किरदार निभाकर लोकप्रिय हुईं शालिनी ने अपनी अपकमिंग फिल्म डब्बा कार्टेल के प्रमोशन के दौरान बताया कि एक साउथ फिल्म की शूटिंग के दौरान जब वह अपनी वैनिटी वैन में कपड़े बदल रही थीं, तभी अचानक एक निर्देशक अंदर आ गया। इस पर शालिनी घबरा गईं और जोर से चिल्लाईं, जिसके बाद वह व्यक्ति तुरंत वहां से चला गया। हालांकि, इस घटना से शालिनी को गहरा सदमा पहुंचा, लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इंडस्ट्री में किसी ने भी उनका समर्थन नहीं किया।

उन्होंने बताया, लोगों ने मुझसे कहा कि मुझे इतना बड़ा रिएक्शन नहीं देना चाहिए था, लेकिन मैंने वही किया जो सही था। शालिनी का यह बयान इंडस्ट्री के उस दबाव और डर को उजागर करता है, जिससे कई कलाकार गुजरते हैं लेकिन इसके खिलाफ बोलने से हिचकिचाते हैं। उनके इस साहसिक खुलासे को सोशल मीडिया पर काफी समर्थन मिल रहा है और फैंस इस मुद्दे पर खुलकर चर्चा कर रहे हैं।

इंटरव्यू के दौरान शालिनी ने दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि शबाना आजमी की सादगी, अनुशासन और प्रोफेशनलिज्म से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला। शालिनी के मुताबिक, किसी भी युवा कलाकार के लिए शबाना जी जैसे आइकन के साथ काम करना एक सपना सच होने जैसा है। अब शालिनी पांडे अपनी नई तमिल फिल्म इडली कढ़ाई में साउथ सुपरस्टार धनुष के साथ नजर आएंगी।

# मौनी रॉय का नया लुक देख नेटिजन्स हैरान, बोले- फिर से चेहरा बदलवा लिया

हाल ही में अभिनेत्री मौनी रॉय ने एक इवेंट में शिरकत की। इस दौरान उनके नए लुक ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। वह गाउन में नजर आईं और बालों के लिए उन्होंने बैंग्स लुक चुना। फैंस को उनका यह लुक काफी पसंद आ रहा है। मौनी के इस लुक को देखकर नेटिजन्स ने उन्हें ट्रोल भी करना शुरू कर दिया है। यूजर्स ने उन्हें कहा कि उन्होंने एक और सर्जरी करवाई है।



**नेटिजन्स ने क्या कहा?**

मौन रॉय के नए लुक के वायरल हो रहे वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट किया, "ये क्यूट है। सर्जरी की दुकान पूरे चेहरे का डिजाइन बन गया है जैसे बच्चे ड्रॉइंग करते हैं टेड़ा मेड़ा वैसे ही डॉक्टर ने भी कुछ आर्टिस्ट कर दिया है।" एक अन्य यूजर ने लिखा, "फिर से चेहरा बदलवा लिया।" एक और नेटिजन्स ने कमेंट किया, "सर्जरी करके वाट लगा दी है..पहचान में ही नई है और यह कैसे क्यूट हो सकता है?"

**मौनी के साथ ये एक्ट्रेस भी आईं नजर**

इस इवेंट में मौनी रॉय के साथ सोनम बाजवा और दिशा पाटनी भी थीं। कहा जाता है कि मौनी और दिशा बहुत करीबी दोस्त हैं और उन्हें कई बार साथ में देखा गया है।

**मौनी रॉय का वर्क फ्रंट**

मौनी रॉय की फिल्म 'द भूतनी' रिलीज के लिए तैयार हैं। इसमें संजय दत्त, सनी सिंह, पलक तिवारी और निक मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म है, जो 18 अप्रैल, 2025 को रिलीज होने वाली है। अभिनेत्री के पास 'सलाकार' नामक एक फिल्म भी है।

# वर्जिन ट्री की आत्मा से कुंवारों को बचाएंगे संजू बाबा, 'भूतनी' के ट्रेलर में मोहब्बत से डरे लोग




संजय दत्त और मौनी रॉय की बहुप्रतीक्षित फिल्म भूतनी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह एक हॉरर, कॉमेडी और साइंस-फिक्शन फिल्म है, जिसमें डर, हंसी-मजाक और विज्ञान का मिश्रण दर्शकों को देखने को मिलेगा। लंबे समय से इस फिल्म का फैंस इंतजार कर रहे थे।

**'नागिन' के बाद भूतनी बनीं मौनी रॉय**

मौनी रॉय के करियर ने एकता कपूर के धारावाहिक 'नागिन' से उड़ान शुरू की। इस सीरियल से उन्हें काफी लोकप्रियता मिली। इसके बाद अभिनेत्री ने फिल्मों का रुख किया। अब वह सिद्धांत सचदेव निर्देशित 'भूतनी' फिल्म में भूतनी के किरदार में नजर आ रही हैं। सामने आए ट्रेलर में अभिनेत्री वर्जिन ट्री की आत्मा के किरदार में नजर आई हैं। यह आत्मा सिर्फ कुंवारे लड़कों को ही पकड़ती है। हालांकि, वह हरी आत्मा के किरदार में हैं, जो लोगों को नुकसान नहीं पहुंचाती है। वहीं, पलक तिवारी लाल आत्मा के किरदार में नजर आई हैं, जो ज्यादा खतरनाक हैं। दोनों ही अपनी ख्वाहिशें पूरी करने के लिए भटक रही हैं।

**'बाबा' बने संजय दत्त**

फिल्म में संजय दत्त तांडव बाबा के किरदार में नजर आएंगे, जो लोगों को भूतों से मुक्ति दिलाते हैं। ट्रेलर में अभिनेता को विज्ञान का उपयोग करते हुए भी देखा जा सकता है। ट्रेलर में अभिनेता की शानदार कॉमिक टाइमिंग देखने को मिलती है। उम्मीद है कि वह अपनी अहम भूमिका से सभी को प्रभावित करेंगे।

**'भूतनी' स्टार कास्ट और रिलीज डेट**

इस फिल्म में सनी सिंह, संजय दत्त, मौनी रॉय, पलक तिवारी, आसिफ खान और बेयूनिक ने अहम किरदार निभाया है। सिद्धांत सचदेव ने इसका निर्देशन किया है। सनी सिंह ने अपने इस प्रोजेक्ट को लेकर कहा, भूतनी मेरी किसी भी फिल्म से अलग है। यह कॉमेडी और हॉरर का कंबीनेशन है। मुझे लगता है कि दर्शकों यह पसंद आएगी। इतनी शानदार टीम के साथ काम करना वाकई बहुत मजेदार रहा। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 'सिकंदर' को लेकर एक्सपर्ट के बड़े दावे, पहले दिन इतनी कमाई करेगी सलमान की फिल्म

सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' ईद के मौके पर रिलीज होने वाली है। जानकार अंदाजा लगा रहे हैं कि यह फिल्म ओपनिंड डे पर 40 से 50 करोड़ रुपयों का कारोबार कर सकती है। 'सिकंदर' फिल्म का निर्देशन ए आर मुरुगदास ने किया है। दो साल के बाद यह पहला मौका है जब सलमान खान की कोई फिल्म ईद पर रिलीज हो रही है। सलमान खान की आखिरी फिल्म 'टाइगर 3' 2023 में दिवाली के मौके पर रिलीज हुई थी।

**पहले दिन 50 करोड़ की कमाई करेगी सिंकदर**

जब से 'सिकंदर' का ट्रेलर लॉन्च हुआ है तब से फैंस इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में रश्मिका मंदाना अहम किरदार में होंगी। पीवीआर आईनोक्स के एक अधिकारी गौतम दत्ता ने अपने एक बयान में कहा है 'शुरूआती अनुमानों के मुताबिक रविवार को सिकंदर 50 करोड़ रुपयों की कमाई के साथ बॉक्स ऑफिस पर मजबूत प्रदर्शन करेगी।'

'भाई कोई विवाद नहीं चाहिए', 'सिकंदर' की रिलीज से पहले सलमान ने हाथ जोड़कर क्यों कही ये बात



**दो दिनों में करेगी 60 से 70 करोड़ का कारोबार**

बिहार में थिएटर चेन चलाने वाले विवेक चौहान के मुताबिक सलमान खान के फैंस जमकर टिकट खरीदेंगे। उम्मीद है कि फिल्म रिलीज के पहले दो दिनों में 60 से 70 करोड़ रुपये कमा लेगी। चौहान ने कहा, 'सलमान खान के फैंस फिल्म को लेकर उत्साहित हैं। इसे 25 से 30 करोड़ रुपये की ओपनिंग मिलनी चाहिए। सोमवार को फिल्म की कमाई 40 से 50 करोड़ रुपये हो सकती है।

**500 करोड़ का कारोबार कर सकती है सिकंदर**

प्रदर्शक और वितरक राजेश थडानी के मुताबिक वह फिल्म की अच्छी शुरुआत को लेकर उम्मीद से भरे हैं। 'सलमान खान की फिल्म ईद पर रिलीज हो रही है। इस मौके पर हर कोई उनकी फिल्म सिनेमाघरों में देखने को लेकर उत्सुक रहता है। ईद की वजह से रविवार शाम को इसका कलेक्शन कम हो सकता है लेकिन सुबह और दोपहर में यह अच्छा कारोबार कर सकती है। उम्मीद है कि फिल्म 200 से 300 करोड़ का करोबार करेगी। अगर अच्छा कंटेट रहा तो फिल्म 500 करोड़ रुपयों का कारोबार भी कर सकती है।"

ठंडे बस्ते में नहीं गई पवन कल्याण की "उस्ताद भगत सिंह", निर्माता का खुलासा; रिलीज पर दिया अपडेट

**ईद पर रिलीज होती हैं सलमान की फिल्में**

सलमान खान की कई फिल्में ईद पर रिलीज होती हैं। इससे उनके फैंस के लिए ये त्योहार और खास बन गया है। पिछले सालों में सलमान खान की ईद पर रिलीज होने वाली फिल्मों में 'वांटेड', 'दबंग', 'बॉडीगार्ड', 'किक', 'सुल्तान' और 'बजरंगी भाई जान' शामिल हैं।

# 'सिटाडेल' के दूसरे सीजन से निर्माता नाखुश, टल गई रिलीज, स्पिन ऑफ के काम पर भी लगा ब्रेक

अमेजन प्राइम वीडियो की बहुचर्चित जासूसी सीरीज 'सिटाडेल' एक बार फिर मुश्किलों में फंस गई है। प्रियंका चोपड़ा जोनस और रिचर्ड मैडेन की मुख्य भूमिकाओं वाली इस सीरीज को रूसो ब्रदर्स की कंपनी एजीबीओ ने बनाया है। यह शो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई स्पिन-ऑफ के साथ एक बड़ा नेटवर्क बनाने का विचार के साथ आया था। हालांकि, 'द हॉलीवुड रिपोर्टर' के मुताबिक सीरीज के निर्माता इसके मौजूदा हाल से खुश नहीं हैं। हाल ही में अमेजन एमजीएल स्टूडियोज की पूर्व हेड जेनिफर साल्के के अचानक इस्तीफे ने भी इस प्रोजेक्ट की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बजट से ज्यादा खर्च, क्रिएटिव मतभेद और प्रोडक्शन में देरी के बाद अब 'सिटाडेल' का भविष्य अधर में लटका नजर आ रहा है।

**दूसरा सीजन टला**

'सिटाडेल' का दूसरा सीजन पहले 2025 में रिलीज होने वाला था, लेकिन अब खबर है कि इसे 2026 तक के लिए टाल दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि अमेजन एमजीएम को सीजन 2 का अब तक का काम पसंद नहीं आया है। हालांकि, फिल्मांकन पूरा हो चुका है, लेकिन स्टूडियो अगर बदलाव की मांग करता है तो रिलीज में और देरी हो सकती है। अभी तक कोई आधिकारिक तारीख की घोषणा नहीं हुई है। इसके साथ ही, सभी स्पिन-ऑफ प्रोजेक्ट्स पर भी रोक लगा दी गई है। जेनिफर साल्के, जिनके लिए 'सिटाडेल' सबसे बड़ा



दांव था, अब कंपनी छोड़ चुकी हैं। साल्के ने ही रूसो ब्रदर्स को इस प्रोजेक्ट के लिए जोड़ा था और इसे 'जेम्स बॉन्ड' की तरह पेश करने की कोशिश की थी।

# टमाटर का जूस पीने से सुबह की शुरुआत कैसे हो सकती है

टमाटर का जूस एक ऐसा पेय है, जो न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है।

यह लेख उन लोगों के लिए है, जो अपनी सुबह को सेहतमंद और ऊर्जावान बनाना चाहते हैं।टमाटर में विटामिन-सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और कई जरूरी पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।आइए जानते हैं कि रोज सुबह टमाटर का जूस पीने से क्या-क्या फायदे हो सकते हैं।



## पाचन तंत्र को सुधारने में है सहायक

टमाटर का जूस पाचन तंत्र के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद फाइबर पेट की सफाई करता है और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है।इसके नियमित सेवन से पेट हल्का महसूस होता है और गैस्ट्रिक समस्याएं कम होती हैं।अगर आप रोज सुबह खाली पेट टमाटर का जूस पीते हैं तो यह आपके पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है और भोजन के अवशोषण में मदद करता है।

## त्वचा को निखारने में है कारगर

टमाटर का जूस त्वचा के लिए बहुत लाभकारी होता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा की चमक बढ़ाते हैं और उसे तरोताजा रखते हैं। यह दाग-धब्बों को कम करने में मदद करता है और झुर्रियों को दूर रखने में सहायक होता है।अगर आप अपनी त्वचा को प्राकृतिक रूप से निखारना चाहते हैं तो रोज सुबह टमाटर का जूस जरूर पिएं। इससे आपकी त्वचा की सेहत बेहतर होती है।

## वजन घटाने में है प्रभावी

जो लोग वजन घटाना चाहते हैं तो उनके लिए टमाटर का जूस एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।इसमें कैलोरी कम होती हैं, लेकिन पोषक तत्व भरपूर होते हैं, जिससे भूख कम लगती है

और शरीर की ऊर्जा बनी रहती है।इसके सेवन से मेटाबॉलिज्म तेज होता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है। यह जूस पाचन तंत्र को भी सुधारता है, जिससे भोजन का अवशोषण सही तरीके से होता है और शरीर स्वस्थ रहता है।

## हृदय स्वास्थ्य के लिए है अच्छा

टमाटर का जूस हृदय स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है।

इसमें लाइकोपीन और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो हृदय को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। यह ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता है, जिससे हृदय की बीमारियों का खतरा कम होता है।

# सिर पर तेल लगाते समय न करें ये 5 गलतियां, बालों को हो सकता है नुकसान

बालों की देखभाल में तेल लगाना एक अहम हिस्सा है, लेकिन कई बार हम कुछ गलतियां कर बैठते हैं, जो बालों पर बुरा असर डाल सकती हैं।इस लेख में हम उन सामान्य गलतियों पर चर्चा करेंगे, जिन्हें आपको तेल लगाते समय टालना चाहिए। ये सुझाव महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए उपयोगी होंगे, ताकि आपके बाल स्वस्थ और चमकदार बने रहें।सही तरीके से तेल लगाने से बालों की जड़ों को पोषण मिलता है।

## बहुत ज्यादा तेल का इस्तेमाल न करें

अक्सर लोग सोचते हैं कि ज्यादा तेल लगाने से बाल ज्यादा मजबूत और चमकदार बनेंगे, लेकिन ऐसा नहीं है।बहुत ज्यादा तेल लगाने से बाल चिपचिपे हो सकते हैं और उन्हें धोने में भी परेशानी होती है।इसके अलावा स्कैल्प पर अतिरिक्त तेल जमा होने से रोमछिद्र बंद हो सकते हैं, जिससे बाल झड़ने की समस्या बढ़ सकती है। इसलिए हमेशा संतुलित मात्रा में ही तेल का उपयोग करें ताकि आपके बाल स्वस्थ रहें।

## गंदे हाथों से न लगाएं तेल



जब आप बालों में तेल लगाएं, तो यह जरूरी है कि आपके हाथ साफ हों। गंदे हाथों से तेल लगाने पर स्कैल्प पर बैक्टीरिया फैल सकते हैं, जिससे खुजली और डैंड्रफ जैसी समस्याएं हो सकती हैं।इससे बचने के लिए हमेशा अपने हाथ अच्छी तरह धोकर ही बालों में तेल लगाएं। साफ हाथों से तेल लगाने से बालों की जड़ों को सही पोषण मिलता है और उनका विकास ठीक से होता है।

## रातभर छोड़ना जरूरी नहीं

कई लोग मानते हैं कि रातभर के लिए तेल छोड़ने से ही उसका पूरा फायदा मिलता है, लेकिन ऐसा जरूरी नहीं है।आप चाहें तो 1-2 घंटे तक भी तेल लगाकर रख सकते हैं और फिर धो सकते हैं। लंबे समय तक तेल छोड़ने से कभी-कभी उल्टा असर भी हो सकता है, जैसे कि स्कैल्प का बहुत ज्यादा ऑयली होना या खुजली की समस्या बढ़ना।इसलिए संतुलित समय के लिए ही तेल लगाएं ताकि बालों की सेहत बनी रहे।

## सही तरीके से मालिश करें

बालों में सही तरीके से मालिश करना बेहद जरूरी है ताकि रक्त संचार बेहतर हो सके और पोषण जड़ों तक पहुंच सके।हल्के हाथों से गोलाकार गति में मालिश करें ताकि स्कैल्प को आराम मिले और तनाव कम हो। इससे बालों की जड़ों को मजबूती मिलती है और बाल स्वस्थ रहते हैं।जोर-जोर से रगड़ने या खींचने की गलती न करें क्योंकि इससे जड़ों को नुकसान पहुंच सकता है, जिससे बाल कमजोर होकर टूट सकते हैं।

## हर बार शैंपू करना जरूरी नहीं

जब भी आप बालों में तेल लगाएं तो इसे शैंपू करना हर बार जरूरी नहीं होता, खासकर अगर आपने हल्का -सा ही तेल लगाया हो।बार-बार शैंपू करने से बालों की प्राकृतिक नमी खत्म हो सकती है, जिससे वे रूखे और बेजान दिख सकते हैं।

# म्यांमार-थाईलैंड भूकंप : मस्क ने बढ़ाया मदद का हाथ, स्टारलिंक किट की पेशकश की

थाईलैंड (आरएनएस)। म्यांमार थाईलैंड में भूकंप ने भारी तबाही मचाई है। ऐसी विषम स्थिति में दुनिया ने मदद का हाथ बढ़ाया है। इस बीच एक्स के मालिक एलॉन मस्क ने भी पेशकश की है। उनके मुताबिक ये आपदा की घड़ी में कम्युनिकेशन में मदद करेगा।

मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, थाईलैंड और म्यांमार में भूकंप के कारण हुए नुकसान के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। स्पेसएक्स की टीम संचार आवश्यकताओं और राहत प्रयासों में सहायता के लिए स्टारलिंक किट प्रदान करने के लिए तैयार है। दरअसल, स्टारलिंक एक सैटेलाइट कॉन्सटेबुल सिस्टम है जिसका उद्देश्य वैश्विक इंटरनेट कवरेज देना है। यह सिस्टम ग्रामीण और भौगोलिक रूप से अलग-थलग क्षेत्रों के लिए आदर्श है जहां इंटरनेट कनेक्टिविटी न के बराबर होती है। बता दें, 7.7 की तीव्रता वाले भूकंप के बाद म्यांमार स्थित नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि शुक्रवार देर रात यहां रिक्टर स्केल पर 4.2 तीव्रता का एक और भूकंप आया। यह भूकंप दक्षिण-पूर्व एशिया के अधिकांश हिस्सों में आए 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के कुछ घंटों बाद आया है।

पहले भूकंप के बाद 150 से ज्यादा लोगों की मौत की पुष्टि हुई और



सैकड़ों लोग घायल हुए। शुक्रवार को, म्यांमार सैन्य जुंटा ने शुक्रवार के विनाशकारी भूकंप के बाद छह क्षेत्रों में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी। अधिकारियों ने कहा कि म्यांमार और थाईलैंड में खोज और बचाव प्रयासों के चलते हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका है। भूकंप से बैंकॉक में एक निर्माणाधीन ऊंची इमारत के ढहने से आठ लोगों की मौत हो गई और नौ घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि 100 से अधिक लोग लापता हैं। 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद, थाईलैंड के प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न शिनावात्रा ने बैंकॉक को 'आपातकालीन क्षेत्र' घोषित कर दिया। प्रधानमंत्री शिनावात्रा ने आंतरिक मंत्रालय को तुरंत बैंकॉक को आपातकालीन क्षेत्र घोषित करने और देश भर के प्रांतों को सूचित करने का निर्देश दिया कि वे स्थिति को राष्ट्रीय आपातकाल के रूप में देखें, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल सार्वजनिक सहायता मिल सके। प्रधानमंत्री तुरंत बैंकॉक लौट रहे हैं और लोगों से ऊंची इमारतों से बचने, केवल सीढ़ियों का उपयोग करने और शांत रहने का आग्रह कर रहे हैं। सभी सरकारी एजेंसियों को जानकारी दे दी गई है और स्कूलों को बच्चों को जल्दी घर भेजने का निर्देश दिया गया है। म्यांमार की राज्य प्रशासन परिषद की सूचना टीम ने बताया कि शुक्रवार को म्यांमार में 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद करीब 144 लोग मारे गए और 732 घायल हो गए। हालांकि, मरने वालों की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है और यह 1,000 तक पहुंच सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, म्यांमार की राज्य प्रशासन परिषद के अध्यक्ष वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने कहा कि मरने वालों में पी ताव से 96, सागाइंग से 18 और क्याउक्से से 30 लोग शामिल हैं।

## पाकिस्तान ने 213 अफगान शरणार्थियों को निर्धारित समय-सीमा से पहले वापस भेजा



रावलपिंडी (आरएनएस)। पाकिस्तान ने 200 से अधिक अफगान शरणार्थियों को उनके देश वापस भेज दिया है। पाकिस्तान ने अपने समयसीमा से दो दिन पहले ही ऐसा किया। स्थानीय मीडिया की गुरुवार की रिपोर्ट के अनुसार, रावलपिंडी में गिरफ्तार किए गए 923 व्यक्तियों में से 213 को अफगानिस्तान वापस भेज दिया गया।

यह निर्वासन पाकिस्तानी सरकार की ओर से निर्धारित 31 मार्च की समय सीमा से पहले हुआ। पाकिस्तान के प्रमुख 'डॉन' ने सूत्रों के हवाले से बताया कि इस्लामाबाद की ओर से शरणार्थियों की गिरफ्तारी और हिरासत शुरू करने के बाद, 923 अफगान नागरिकों को रावलपिंडी में गोलरा मोड़ के पास अफगान शरणार्थी केंद्र में स्थानांतरित कर दिया गया। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार, गिरफ्तार किए गए बंदी में से 22 बुधवार को केंद्र से भाग गए और गुरुवार को केंद्र में कोई भी कैदी नहीं था। हिरासत में लिए गए कुल अफगान शरणार्थियों में से 86 के वीजा की अवधि समाप्त हो चुकी थी, 116 के पास अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) थे और 290 के पास पंजीकरण का प्रमाण (पीओआर) था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने 'डॉन' को बताया कि यह बहुत स्पष्ट था कि एसीसी धारकों को समय सीमा से पहले रावलपिंडी और इस्लामाबाद से निकाल दिया जाएगा। इस बीच, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार ने अफगान नागरिकों के देश छोड़ने की 31 मार्च की समयसीमा को आगे न बढ़ाने का फैसला किया है।

## चीन की चुनौती : फिलीपींस, जापान और अमेरिका का संयुक्त सैन्य अभ्यास

मनीला (आरएनएस)। फिलीपींस, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका ने फिलीपींस के विशेष आर्थिक क्षेत्र के भीतर एक संयुक्त समुद्री सैन्य अभ्यास का आयोजन किया।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह अभ्यास शुक्रवार को क्षेत्र में बढ़ते खतरों और चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच आयोजित किया गया।

बहुपक्षीय समुद्री सहकारी गतिविधि (एमसीए) का आयोजन इस तरह से किया जाता है जो अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप हो और सभी देशों की सुरक्षा, नौवहन अधिकारों, स्वतंत्रता का उचित सम्मान करता हो।

अमेरिकी नौसेना ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि अमेरिका अपने सहयोगियों और साझेदारों के साथ मिलकर नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता से संबंधित समुद्र के अन्य अंतरराष्ट्रीय रूप से वैध उपयोग के अधिकार का समर्थन करता है।फिलीपींस की सरकारी समाचार एजेंसी पीएनए की रिपोर्ट के अनुसार, फिलीपींस की सशस्त्र सेनाओं (एएफपी) ने यह भी कहा कि बहुपक्षीय एमसीए समन्वय, रणनीति और साझा समुद्री जागरूकता में महत्वपूर्ण सुधारों पर प्रकाश डालता है। फिलीपींस में टोक्यो के दूतावास ने एक बयान में कहा कि 'समान विचारधारा वाले भागीदारों' के साथ जुड़कर, जापान रणनीतिक संबंधों को मजूबत करना और समुद्र के मुक्त व खुले उपयोग की सुरक्षा में सहयोग को बढ़ाना जारी रखेगा।

# ईरान की उल्टी गिनती शुरू, ट्रंप के प्रस्ताव को मानने के अलावा कोई विकल्प नहीं

## परमाणु बम गिराने वाले बी-2 बॉम्बर तैनात



तेहरान (ए)। ईरान की उल्टी गिनती शुरू हो गई है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से आखिरी आदेश का इंतजार हो रहा है। ईरान के पास अब सिर्फ दो ही विकल्प बचे हैं, या अमेरिका की बात माने या फिर विनाशक हमले के लिए तैयार रहे। ट्रंप के आदेश के बाद अमेरिका के शक्तिशाली परमाणु बम गिराने वाले बी-2 बॉम्बर ब्रिटिश डिएगो गार्सिया पर जमा हो रहे हैं, जिसका लक्ष्य ईरान पर हमला करना है। ईरान के सुप्रीम लीडर के पास वक्त खत्म होता जा रहा है। इतना ही नहीं ट्रंप ने इजरायल को ईरानी परमाणु स्थलों पर हमला की इजाजत दे दी है।

ट्रंप ने ईरानी सुप्रीम लीडर को चेतावनी दे दी हैं कि नए परमाणु समझौतों पर दस्तखत करे या फिर ईरान पर हमले का इंतजार करे। ट्रंप ने सुप्रीम लीडर को 2 महीने का वक्त दे रखा है और अब सिर्फ इसमें 5 हफ्ते ही बचे हुए हैं। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान ने ओमान के रास्ते अमेरिका को कुछ संदेश भिजवाया है लेकिन उस संदेश में क्या कहा गया है फिलहाल इसकी कोई जानकारी नहीं है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि जब तक ट्रंप की ओर से मैक्सिमम दबाव बनाया जाता रहेगा, ईरान अमेरिका के साथ बातचीत नहीं करेगा। ईरानी विदेश मंत्री भले ही सख्त दिखने कोशिश कर रहे हैं, लेकिन एक्सपर्ट्स का मानना है कि उनके पास अब विकल्प नहीं बचे हैं।

ट्रंप प्रशासन ने ईरान को कई तरह की चेतावनी दी है, जिसमें उन्होंने तत्काल हूती विद्रोहियों को मदद बंद करने को कह दिया है। इसके अलावा ऐसी रिपोर्ट है कि पिछले हफ्ते करीब 5 बी-2 स्पिरिट बमवर्षक यमन पर अमेरिकी एयरस्ट्राइक के बाद बमबारी के लिए तैयार थे, जिसका मकसद हूती आतंकवादियों को निशाना बनाना था। बी-2 स्पिरिट बमवर्षक विमान दुनिया का सबसे शक्तिशाली बमवर्षक विमान है। इस विमान को विशाल वजन वाले बम और परमाणु बमों को गिराने के लिए डिजाइन किया गया है।

## इजराइल में विस्फोटक है वेश्यावृत्ति, हर स्कूल की 5वीं लड़की इस धंधे में शामिल

यरुशलम(आरएनएस)। इजराइल के सामने उसका खूंखार दुश्मन हमास है वहीं लेबनान में हिजबुल्लाह और यमन के हूतियों से भी इजराइल लड़ रहा है। इन सबके बीच इजराइल के अंदर एक खतरा बढ़ रहा है, इस यहूदी देश की हजारों इजराइली लड़कियां वेश्यावृत्ति के दुष्चक्र में फंस गई हैं, जहां से उनके लिए निकलना मुश्किल है। मीडिया रिपोर्ट में इन इजराइली लड़कियों के फंसने की कहानी सामने आई है।

एक 25 वर्षीय युवती ने बताया कि सेक्स वर्कर के रूप में उसका रास्ता बहुत पहले ही शुरू हो गया था, जब वह किशोरावस्था में थी। युवती ने बताया कि वह खुद को अदृश्य महसूस करती थी। उसे लगा कि नियंत्रण का एक स्रोत मिल गया है। मेरा शरीर। उसने कहा कि यह ऐसा नहीं था कि वेश्यावृत्ति से पैसे कमाने हैं। यह कुछ इस तरह था। हम साथ में ड्रग्स लेते हैं और फिर मेरे पास सोने के लिए जगह होगी। एक अन्य युवती ने बताया कि एक ग्राहक के साथ हिंसक मुठभेड़ के बाद पहली बार उसके मन में इसे छोड़ने का ख्याल आया।

# खेल समाचार

## सीएसके की प्लेइंग 11 में हो सकता है बड़ा बदलाव, अगले मैच में 3 खिलाड़ी हो सकते हैं बाहर

चेन्नई, (आरएनएस)। आईपीएल 2025 के 8वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को अपने ही घर में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ करारी शिकस्त झेलनी पड़ी. आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 196 रन बनाए, जबकि सीएसके की पूरी टीम 146 रन पर सिमट गई. इस हार के बाद सीएसके की टीम में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं. कुछ खिलाड़ी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए, जिससे उनकी जगह अगले मैच की प्लेइंग इलेवन में खतरे में पड़ सकती है. आइए जानते हैं वो तीन खिलाड़ी कौन हो सकते हैं जो बाहर हो सकते हैं।

राहुल त्रिपाठी को इस सीजन ओपनिंग का मौका दिया गया, लेकिन वो लगातार फ्लॉप हो रहे हैं. आरसीबी के खिलाफ भी वो सिर्फ 5 रन बनाकर आउट हो गए. ओपनर का काम होता है टीम को अच्छी शुरुआत देना, लेकिन त्रिपाठी ऐसा करने में नाकाम रहे हैं. ऐसे में अगले मैच में टीम मैनेजमेंट उन पर बड़ा फैसला ले सकता है और आंद्रे सिद्धार्थ को उनकी जगह मौका दे सकता है।

सैम करन एक ऑलराउंडर खिलाड़ी हैं, लेकिन इस मैच में उनका प्रदर्शन बेहद खराब रहा. उन्होंने 13 गेंदों में सिर्फ 8 रन बनाए, जबकि गेंदबाजी में 3 ओवर में 34 रन लुटा दिए और एक भी विकेट नहीं लिया. करन से टीम को उम्मीद थी कि वो गेंद और बल्ले दोनों से कमाल दिखाएंगे, लेकिन वो पूरी तरह फेल रहे. इस वजह से अगले मैच में उन्हें बाहर बैठाया जा सकता है. सैम करन की जगह टीम डेवोन कॉनवे को मौका दे सकती है।

दीपक हुड्डा गेंद या बल्ले से कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं, इसलिए टीम मैनेजमेंट दीपक हुड्डा पर फैसला ले सकता है. दीपक हुड्डा ने सीएसके के लिए 2 मैचों में 7 रन बनाए हैं, मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में 3 रन और आरसीबी के खिलाफ 4 रन बनाए थे. उन्होंने अभी तक गेंदबाजी नहीं की है. इस प्रदर्शन के कारण टीम विजय शंकर को मौका दे सकती है और दीपक हुड्डा टीम से बाहर हो सकते हैं।

सीएसके के लिए यह हार बड़ी सीख है. टीम मैनेजमेंट को अब खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर कड़ा फैसला लेना होगा. अगले मैच में कुछ खिलाड़ियों को बाहर कर नए खिलाड़ियों को मौका मिल सकता है. फैंस को उम्मीद है कि सीएसके अपनी गलतियों से सीखेगी और अगले मैच में दमदार वापसी करेगी।

## फ्लेमिंग के दावे से हैरान पुजारा ने सीएसके की घरेलू लाभ संबंधी चिंताओं पर सवाल उठाए

नई दिल्ली,(आरएनएस)। चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा ने हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग के हाल ही में किए गए दावे पर आश्चर्य व्यक्त किया है कि चेपॉक में सीएसके को घरेलू लाभ नहीं मिला है। पुजारा, जो पहले भी इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे हैं, ने इस टिप्पणी को अप्रत्याशित पाया, खासकर तब जब सीएसके ने अपनी ताकत के हिसाब से पिचों को तैयार करने का इतिहास बनाया है।

पुजारा ने शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से सीएसके की 50 रन से सबसे बड़ी घरेलू हार के बाद ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट पर कहा, यह आश्चर्यजनक है क्योंकि सीएसके में, आप शिकायत नहीं कर सकते। यह उन कुछ फ्रेंचाइज में से एक है जो सुनिश्चित करती है कि पिच उनके पक्ष में हो। अगर वह कह रहे हैं कि उनकी कोई राय नहीं है, तो मुझे काफी आश्चर्य है। एमआई, सीएसके और केकेआर जैसी फ्रेंचाइज यह सुनिश्चित करती हैं कि उन्हें घर पर खेलते समय वह मिले जो वे चाहते हैं।

अगर आप एमआई, सीएसके और केकेआर की बात करें - तो मुझे नहीं लगता कि ऐसा है (उन्हें वो पिच नहीं मिल रही जिसकी उन्हें मांग थी)।

## वॉटसन ने कहा, धोनी को अश्विन से पहले करनी चाहिए थी बल्लेबाजी

### -सीएसके के संयोजन पर उठाए सवाल

नई दिल्ली(आरएनएस)। आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मिली 50 रनों की हार के बाद, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज शेन वॉटसन ने बड़ा बयान दिया है। उनका मानना है कि एमएस धोनी को इस मैच में रविचंद्रन अश्विन से पहले बल्लेबाजी करनी चाहिए थी।

वाटसन के अनुसार, धोनी की 16 गेंदों पर 30 रनों की नाबाद पारी के बावजूद, सीएसके को हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, धोनी का बल्लेबाजी क्रम में निचले क्रम पर आना, उनके लिए और टीम के लिए मुश्किलें बढ़ा गया।

वॉटसन ने कहा, यही वह चीज है जिसे देखने के लिए सीएसके के प्रशंसक आते हैं। धोनी की 16 गेंदों पर 30 रन की पारी। मुझे उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आते देखना बहुत अच्छा लगता। मेरी राय में, उन्हें अश्विन से पहले बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। खेल की स्थिति को देखते हुए, धोनी 15 गेंदों तक इसी तरह खेल सकते थे। पिछले कुछ वर्षों में, उन्होंने लगातार दिखाया है कि वे अभी भी शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। मेरा मानना है कि उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आना चाहिए, ताकि हम उनके कौशल की पूरी सीमा देख सकें।

वॉटसन ने धोनी की विकेटकीपिंग की भी सराहना की और कहा, विकेटकीपिंग के नजरिए से, वे अभी भी पहले की तरह ही तेज हैं - एक पल में गिल्लियां बिखेर देते हैं। इससे मुझे पता चलता है कि उनका खेल शानदार है, और वे जितना संभव हो सके उतने अच्छे से तैयार हैं। अगर



सीएसके ने उन्हें पहले भेजा होता, तो उनके पास जीत हासिल करने का बेहतर मौका होता। बेशक, दर्शकों को आज रात जो उन्होंने किया, वह बिल्कुल पसंद आया, लेकिन अगर वे पहले आते, तो सीएसके के पास जीत का एक मजबूत मौका होता।वॉटसन ने सीएसके के अन्य फैसलों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने राहुल त्रिपाठी को ओपनिंग के लिए भेजे जाने को निराशाजनक बताया। वॉटसन ने कहा, कुछ फैसलों को देखना निराशाजनक था, जैसे कि राहुल त्रिपाठी को ओपनिंग के लिए भेजना। रुतुराज गायकवाड़ एक बेहतरीन ओपनर हैं, फिर भी उन्हें बाद में आना पड़ा। यहां तक कि रुतुराज ने जो शॉट खेला - जिसमें उन्होंने हेज़लवुड के खिलाफ़ खुद को जगह दी - वह भी असामान्य था। आम तौर पर, वह स्थिर रहते हैं और प्रतिक्रिया करते हैं, लेकिन इससे पता चलता है कि वह दबाव में थे। दीपक हुड्डा, इस समय, बस इसके लिए तैयार नहीं हैं; उन्होंने हर गेंद को ऐसे खेला जैसे कि वह बचने की कोशिश कर रहे हों। सैम करन को नंबर 5 पर बल्लेबाजी कराना भी संदिग्ध था - मैं उन्हें नंबर 7 बल्लेबाज़ के रूप में देखता हूं।

वॉटसन का मानना है कि सीएसके ने अभी तक अपने संयोजन में सही समायोजन नहीं किए हैं। उन्होंने कहा, अभी, सीएसके ने अपने संयोजन सही नहीं बनाए हैं, और उन्हें कुछ समायोजन करने की आवश्यकता है। यदि वे इसी बल्लेबाजी लाइन-अप के साथ बने रहते हैं, तो उनके सामने आने का जोखिम है।इस मैच में आरसीबी ने चेन्नई में सीएसके को 50 रनों से हराया, जो 2008 के आईपीएल के पहले संस्करण के बाद से चेपक में आरसीबी की पहली जीत थी। कप्तान रजत पाटीदार की शानदार 50 रन की पारी के अलावा, फिल साल्ट (32), विराट कोहली (31) और देवदत्त पडिक्कल (27) ने भी योगदान दिया, जिसके चलते आरसीबी 196/7 रन बनाने में सफल रही। आरसीबी के गेंदबाजों ने इस स्कोर को अच्छे से बचाया और सीएसके को 146 रनों पर रोक दिया।आरसीबी की इस जीत के साथ उनकी अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने की राह खुली। आरसीबी अब लगातार दो मैच जीत चुकी है और उनका अगला मुकाबला 2 अप्रैल को गुजरात टाइटंस से होगा। इस हार के बाद सीएसके के लिए वॉटसन के बयान एक बड़ा संकेत हो सकते हैं कि उन्हें अपने संयोजन में बदलाव करने की जरूरत है।

## बाबर आजम की पारी गई बेकार, न्यूजीलैंड ने पहले वनडे में 73 रन से हराया

### चैपमैन ने लगाया शतक




नईदिल्ली,(आरएनएस)। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच नेपियर में खेले गए पहले वनडे मैच में पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ा. न्यूजीलैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 344 रन बनाए. जवाब में पाकिस्तान की टीम 44.1 ओवर में सिर्फ 271 रन बनाकर ऑलआउट हो गई. इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली.पाकिस्तानी कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और टीम ने 50 रन के अंदर ही 3 विकेट गंवा दिए. इसके बाद मार्क चैपमैन और डैरिल मिचेल ने पारी संभाली. दोनों ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 199 रन की बड़ी साझेदारी की.

मार्क चैपमैन ने 111 गेंदों में 13 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 132 रन बनाए. वहीं, मिचेल ने 76 रन की शानदार पारी खेली. न्यूजीलैंड के लिए डेब्यू कर रहे मुहम्मद अब्बास ने भी सिर्फ 26 गेंदों में 52 रन बनाए, जिससे टीम 344 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंच गई. पाकिस्तान के लिए इरफान खान ने 3 विकेट झटके. बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम को अच्छी शुरुआत मिली. अब्दुल्लाह शफीक और उस्मान खान ने पहले विकेट के लिए 83 रन जोड़े. शफीक ने 36 और उस्मान खान ने 39 रन बनाए. इसके बाद बाबर आजम ने 83 गेंदों में 78 रन की शानदार पारी खेली.मोहम्मद रिजवान ने 30 रन बनाए, जबकि सलमान अली आगा ने 48 गेंदों में 58 रन की पारी खेली. लेकिन बाकी बल्लेबाज टिक नहीं पाए और लगातार विकेट गिरते चले गए. न्यूजीलैंड के गेंदबाज नाथन स्मिथ ने 4 विकेट लेकर पाकिस्तान की पारी को समेट दिया.न्यूजीलैंड की टीम इस सीरीज में अपने कई बड़े खिलाड़ियों के बिना खेल रही है, क्योंकि न्यूजीलैंड के बड़े खिलाड़ी इस समय आईपीएल में बिजी हैं. इसके बावजूद टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और पाकिस्तान को 73 रनों से हराकर सीरीज में बढ़त बना ली. अब पाकिस्तान को अगला मैच जीतना जरूरी होगा।

## 2025 क्लब वर्ल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट 14 जून से

सेन डियागो (ए)। 2025 क्लब वर्ल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट ये 14 जून से 13 जुलाई, 2025 तक संयुक्त राज्य अमेरिका में होगा। इस टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें भाग लेंगी। इसमें सात मैचों का ग्रुप स्टेज और प्लेऑफ फॉर्मेट होगा। विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था फीफा ने इसके लिए इनामी राशि घोषित कर दी है। इसमें कुल इनामी राशि 1 बिलियन डॉलर 32 प्रतिभागी क्लबों में वितरित की जाएगी। इसमें विजेता टीम को 125 मिलियन डॉलर तक जीतने का निर्धारित।अवसर मिलेगा। इसके अलावा वैश्विक क्लब फुटबॉल को समर्थन देने के लिए 250 मिलियन डॉलर अलग रखे गए हैं। वहीं इसमें शामिल टीमों को 525 मिलियन डॉलर मिलेंगे। इसके अलावा यूईएफए क्लब 12.81 मिलियन डॉलर से 38.19 मिलियन डॉलर तक की राशि हासिल करेंगे, जो उनकी रैंकिंग और राजस्व पर निर्भर करेगा। इसके तहत शीर्ष स्तर के क्लब चेल्सी, मैनचेस्टर सिटी, रियल मैड्रिड और बायर्न म्यूनिख बड़ी इनामी राशि हासिल करने की दावेदार रहेंगी। कोंमेबोल (दक्षिण अमेरिकी) क्लब को 15.21 मिलियन डॉलर के करीब रकम मिलेगी। कॉनकैकएएफ, सीएएफ और एएफसी क्लब को 9.55 मिलियन डॉलर मिलेंगे जबकि ओएफसी (ओशिनिया) क्लब: 3.58 मिलियन डॉलर दिये जाएंगे।

## सुपर सडे : गुवाहाटी में आमने-सामने होंगी सीएसके और आरआर

नई दिल्ली (ए)। रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दो मुकाबले खेले जाने हैं। पहला मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और सनराईज हैदराबाद (एसआरएच) के बीच विशाखापट्टनम में दोपहर 3.30 बजे से खेला जाएगा। वहीं दूसरा मुकाबला चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बीच शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा।




रविवार को दोनो टीमें गुवाहाटी में आमने-सामने होंगी। जहां चेन्नई की कोशिश पिछले मैच की हार से उबरकर जीत की राह पर लौटने की होगी, जबकि राजस्थान रॉयल्स अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए मैदान में उतरेगी।

चेन्नई सुपरकिंग्स को अपने पिछले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ 50 रन से हार का सामना करना पड़ा था। रजत पाटीदार की कप्तानी में खेल रही आरसीबी ने चेन्नई की कमजोर फील्डिंग और खराब बल्लेबाजी का पूरा फायदा उठाया और 17 साल बाद चेपॉक के मैदान पर जीत दर्ज की। इस हार के बाद सीएसके की टीम पर दबाव बढ़ गया है। इस सीजन में सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का बैटिंग ऑर्डर भी चर्चा का विषय बना हुआ है। धोनी को नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया, जिससे फैंस काफी निराश नजर आए। हालांकि, उन्होंने 16 गेंदों में नाबाद 30 रन बनाकर टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन तब तक मैच सीएसके के हाथ से निकल चुका था।गुवाहाटी की पिच चेन्नई के चेपॉक जैसी नहीं है, जहां स्पिनर्स को फायदा मिलता है। राजस्थान रॉयल्स के पास इस पिच पर अपनी मजबूत बल्लेबाजी का पूरा फायदा उठाने का मौका रहेगा। हालांकि, टीम की कप्तानी कर रहे रियान पराग के पास उतना अनुभव नहीं है, जो बड़े मुकाबलों में जरूरी होता है।

# 300 साल पहले बंजारों ने की थी सलकनपुर में विजयासन धाम की स्थापना

## मन्नत मांगने से श्रद्धालुओं की मनोकामना होती है पूरी

**सलकनपुर ( संजय कलमोर )।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के सलकनपुर के पास, एक हजार फीट उंचे विन्ध्य पर्वत पर, माता विजयासन देवी का मंदिर है। यह देश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों में से एक है। पुराणों के अनुसार देवी विजयासन माता पार्वती का ही अवतार हैं। जिन्होंने देवताओं के आग्रह पर रक्तबीज नामक राक्षस का वध कर सृष्टि की रक्षा की थी। रक्तबीज का संहार कर विजय पाने पर देवताओं ने यहाँ माता को जो आसन दिया, वही विजयासन धाम के नाम से विख्यात हुआ, और माता का यह रूप विजयासन देवी कहलाया।



एक किवदंती यह भी प्रचलित है कि लगभग 300 साल पहले बंजारे अपने पशुओं के साथ जब इस स्थान पर विश्राम करने के लिए रूके तब अचानक उनके सारे पशु गायब हो गए। बहुत ढूंढने के बाद भी पशु नहीं मिले। तभी एक बुर्जुग बंजारे को एक बालिका दिखाई दी। उस बुजुर्ग ने उस बालिका से पशुओं के बारे में पूछा तो उसने कहा कि, इस स्थान पर पूजा-अर्चना कीजिए आपको सारे पशु वापस मिल जाएंगे और हुआ भी वैसा ही। अपने खोए हुए पशु वापस मिलने पर बंजारों ने उस स्थान पर मंदिर का निर्माण किया। तभी से यह स्थल शक्ति पीठ के रूप में स्थापित हो गया।देशभर से हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन माता विजयासन के दर्शन एवं पूजा अर्चना के लिए आते हैं। नवरात्रि में यहाँ विशाल मेला लगता है। चैत्र नवरात्रि पर लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए आते हैं।

यह भोपाल से 75 किलोमीटर दूर सीहोर जिले के सलकनपुर नामक गांव के में स्थित है। मंदिर परिसर तक रोपवे और सड़क मार्ग के साथ ही सीढ़ी मार्ग से भी जाया जा सकता है। मंदिर परिसर तक लगभग 1400 सौ सीढ़ियाँ हैं।

### गुड़ी पड़वा पर्व - विक्रम संवत नव वर्ष की शुरूआत

भारत विविध धर्मों, सम्प्रदायों एव विविध संस्कृति और परंपराओं का देश है। सभी धर्मों-संप्रदायों के अपने त्योहार और उनका अपना विशेष धार्मिक महत्व है। अनेक पर्वों की भांति गुड़ी पड़वा का भी विशेष महत्व है।

गुड़ी पड़वा महाराष्ट्र के अलावा अन्य राज्यों में भी मनाया जाता है। गुड़ी का अर्थ है ध्वज अर्थात झंडा और प्रतिपदा तिथि को पड़वा कहा जाता है। इस पर्व से चैत्र नवरात्र आरंभ हो रहे हैं। साथ ही चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को विक्रम संवत नववर्ष की शुरुआत होती है। गुड़ी पड़वा को देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग नामों जैसे छेती चांद, उगादी, युगादी आदि नामों से भी जाना जाता है।

पौराणिक कथाओं में इसे रावण पर भगवान राम की जीत, और उनके 14 वर्ष के वनवास के बाद उनके राज्याभिषेक की खुशी में मनाया जाता है। ऐसी भी मान्यता है कि गुड़ी पड़वा वाले दिन ही ब्रह्माण्ड की रचना हुई थी। इस त्यौहार पर लोग अपने घरों में सजाते हैं और नव वर्ष के प्रारंभ से नयी शुरूआत करते हैं। लोग अपने घरों के बाहर गुड़ी लगाकर सुख समृद्धि, धन, यश और सौभाग्य को आमंत्रित करते हैं।

# सरकार का संकल्प हैं हर गांव को गरीबी मुक्त बनाना : केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान

### केंद्रीय कृषि मंत्री ने भैरूंदा में 78 करोड़ रूपये से अधिक के निर्माण एवं विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

सीहोर (निप्र)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के भैरूंदा में आयोजित हितग्राही सम्मेलन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 6514 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। उन्होंने भैरूंदा में 78 करोड़ 07 लाख 47 हजार के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कक्षा 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में उत्कृत अंक प्राप्त करने वाले टॉपरों को स्कूटी भी प्रदान की। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार का यह प्रयास है कि देश के प्रत्येक गरीब परिवार के पास अपना खुद का पक्का घर हो, इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से सरकार गरीबों के खुद के पक्के घर के सपने को साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में जिन पात्र नागरिकों के नाम छूट गए हैं, सर्वेक्षण कर उनके नाम जोड़ जाएंगे और उन्हें इस योजना का लाभ दिलाया जाएगा। हमारी सरकार देश के साथ ही प्रदेश में भी तेजी से विकास के कार्य कर रही है। प्रदेश में निरंतर सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। विभिन्न जल परियोजनाओं के माध्यम से किसानों के लिए सिंचाई का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के माध्यम से बहनों को धुंए से मुक्ति दिलाई गई। इसके साथ ही नलजल योजना के माध्यम से घर-घर नल के माध्यम से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नही है। जनता की सेवा की ईश्वर की पूजा है। सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार स्वसहायता समूहों के माध्यम से सभी बहनों को लखपति बहना बना रही है। इसके साथ ही प्रदेश की बहनों के लिए लाड़ली बहना योजना भी चलाई जा रही है, जिसमें उन्हें प्रतिमाह 1250 रूपये दिये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प हैं कि देश एवं प्रदेश के हर गांव को गरीबी मुक्त बनाया जाए।




# आईईएस पब्लिक स्कूल में यूथ पार्लियामेंट द्वारा विभिन मुद्दों पर चर्चा



सीहोर (निप्र)। आईईएस पब्लिक स्कूल में यूथ पार्लियामेंट में छात्रों ने देश के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में लोकतांत्रिक मूल्यों और नेतृत्व कौशल को विकसित करना था। कुंजीलाल दुबे संसदीय विद्यापीठ, भोपाल के साथ मिलकर आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने संसदीय कार्यवाही का अनुकरण किया और शिक्षा सुधार, महिला सुरक्षा, पर्यावरण नीतियों और डिजिटल परिवर्तन जैसे विषयों पर चर्चा की। कार्क्रम में शिरिज राय ने अध्यक्ष की भूमिका निभाई और विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों ने संरचित चर्चा में भाग लिया। जिनमे अलंकार शाक्य महासचिव, अरव कासट प्रधान मंत्री, जय प्रताप सिंह चौहान गृह मंत्री आदि साथ ही विपक्ष में ओजस्विनी पांडे, यशस्वी शर्मा, इंसिया लोहावाला सिया मेवाड़ा आदि रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुनीता सिंह, चेयर पर्सन आईईएस पब्लिक स्कूल भोपाल एवं सीहोर ने छात्रों की स्पष्ट दलीलों और शासन की गहरी समझ की प्रशंसा की। उन्होंने छात्रों को नागरिक चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। अंत में आईईएस पब्लिक स्कूल की ग्रुप डायरेक्टर श्रीमती मनीषा कवठेकर ने सभी आतिथिओ का आभार व्यक्त किया एवं ऐसी पहलों के महत्व को रेखांकित किया जो भविष्य के नेताओं को आकार देने में मदद करती हैं। आईईएस पब्लिक स्कूल में आयोजित यूथ पार्लियामेंट छात्रों में महत्वपूर्ण सोच और सार्वजनिक बोलने के कौशल को बढ़ावा देता है, जो उन्हें वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए तैयार करता है।

# कुबेरेश्वरधाम पर आज गुडी-पड़वा पर उमड़ेगा आस्था का सैलाब, नियमित रूप से किया जा रहा भंडारे का आयोजन



सीहोर (निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी चैत्र नवरात्र का पर्व जिला मुख्यालय के समीपस्थ निर्माणाधीन कुबेरेश्वरधाम पर आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। यहां पर आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए नियमित रूप से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में नियमित रूप से निशुल्क रूप से रुद्राक्ष वितरण का क्रम चल रहा है। रुद्राक्ष वितरण करीब पांच दिनों से चल रहा है। कुबेरेश्वर धाम पर पर्याप्त पार्किंग के लिए स्थान, वाहनों के आवागमन, बैरिकेटिंग, आने वाले श्रद्धालुओं की बैठक व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था के अलावा पेयजल, शौचालय सहित अन्य समुचित व्यवस्था की गई है। रविवार को शुद्ध घी से निर्मित पांच किलो चक्की का भोग लगाया जाएगा। यहां पर नियमित रूप से भगवान शिव और शक्ति का पर्व चैत्र नवरात्रि आस्था और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इस मौके पर गुरुदेव पंडित श्री मिश्रा आरती करेंगे।विठलेश सेवा समिति के पंडित विनय मिश्रा और पंडित समीर शुक्ला ने बताया कि शनिवार को भी करीब 40 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को निशुल्क रूप से रुद्राक्ष का वितरण किया गया और यहां पर आधुनिक रसोई से हलवा, रोटी सब्जी और खिचड़ी आदि की प्रसादी का वितरण समिति के द्वारा किया गया। रविवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। इसके लिए प्रशासन और समिति ने व्यवस्था की है। समिति के द्वारा यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ठंडाई का इंतजाम किया है।

## नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर की पहल से गंदगी से मिली मुक्ति

### मातृशक्तियों से कराया 20 लाख से अधिक निर्माण कार्य का भूमि पूजन

सीहोर (निप्र)। शहर के वार्ड क्रमांक दो के अंतर्गत शनिवार को दो स्थानों पर भूमि पूजन का कार्य यहां पर मातृशक्तियों के द्वारा किया गया, इस मौके पर करीब 20 लाख से बनाई जाने वाली दो नालियों के निर्माण से क्षेत्रवासियों को गंदगी से मुक्ति मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के सानिध्य में पार्षद और नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्त सहित अन्य पार्षदों और क्षेत्रवासियों ने वार्ड के इंद्रानगर शासकीय स्कूल से नाले तक बनाई जाने वाली नाली निर्माण होने से बारिश से जमा होने वाले पानी से मुक्ति मिलेगी।

# सिविल अस्पताल बुदनी मे हुआ एनक्यूएएस असेसमेंट




सीहोर (निप्र)। सिविल अस्पताल बुधनी मे एन.क्यू.ए.एस. असेसमेंट हेतु गठित राष्ट्रीय दल द्वारा असेसमेंट किया गया, चिकित्सालय के कुल 9 चयनित विभागों का असेसमेंट राष्ट्रीय दल द्वारा किया गया, असेसमेंट के राष्ट्रीय सदस्यों मे डॉ. राहुल रामचन्द्रा शिंदे एवं डॉ. रितु नायर द्वारा चेकलिस्ट अनुसार मूल्यांकन किया दल के द्वारा सिविल अस्पताल मे व्यवस्थाओ एवं कर्मचारियों की कार्य प्रणाली की सराहना की गई, इस अवसर पर डॉ. सुधीर डेहरिया, सीएमएचओ, डॉ. रामहित कुमार, सीबीएमओ, डॉ. हर्षा गुप्ता, जिला क्वालिटी मैनेजर, डॉ. रामनाथ धूसिया, असेसर, डॉ. रूचीरा उईके, इपीडिमोंलॉजिस्ट, डॉ. प्रिंस सोनी, नोडल अधिकारी सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मरीह माता मंदिर में जड़ी-बूटियों से देंगे प्रतिदिन एक हजार से अधिक आहुतियां, आगामी महाष्टमी को रात्रि बारह बजे महा आरती का आयोजन

### चैत्री शनैश्चरी अमावस्या का हवन-पूजन के साथ की गई मां की आराधना

### पूरे नौ दिन मनाई जाएगी चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर में नवरात्रि का पर्व

सीहोर (निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के विश्रामघाट स्थित मरीह माता मंदिर में आस्था और उत्साह के साथ पर्व जाएगा। इस मंदिर में गुप्त नवरात्रि के अलावा चैत्र और शरदीय सभी नवरात्रि को विशेष हवन पूजन का आयोजन किया जाता है। चैत्री शनैश्चरी अमावस्या के पावन अवसर पर सुबह यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिदिन कन्या भोज के अलावा सुबह साढ़े सात बजे यज्ञ सहित अन्य दिव्य आयोजन किए जाऐंगे।उक्त आयोजन मंदिर के प्रबंधक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, धमेन्द्र माहेश्वरी, रामू सोनी सहित अन्य के द्वारा किया जाएगा। यहां पर सुबह हवन-पूजन के अलावा नौ दिन मां का अलग-अलग स्वरूपों में सुंदर श्रृंगार किया जाएगा। इसके अलावा परम्परा अनुसार इस वर्ष भी महाष्टमी की रात्रि बारह बजे निशा आरती और उसके पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रविवार से आरंभ होने वाली नवरात्रि के पर्व का समापन 7 अप्रैल को किया जाएगा। वहीं आगामी महाष्टमी को रात्रि बारह बजे महानिशा आरती का आयोजन किया जाएगा।



इस संबंध में जानकारी देते हुए मंदिर के प्रबंधक श्री मेवाड़ा ने बताया कि प्राचीन मरीह माता मंदिर में सुबह साढ़े सात बजे हवन का शुभारंभ किया जाएगा। हवन सामग्री में कई प्रकार की जड़ी-बूटियों के मिश्रण के अलावा पीपल की लकड़ी, गो काष्ठ सहित अन्य का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नवरात्रि रविवार से आगामी 7 अप्रैल तक मनाया जाएगा। मां दुर्गा की पूजा करने से पहले कलश की पूजा की जाती है। नवरात्रि में मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा की जाती है। सालभर में कुल 4 नवरात्रि आती हैं जिसमें चैत्र और शारदीय नवरात्रि का महत्व काफी ज्यादा होता है। माना जाता है कि नवरात्रि में माता की पूजा-अर्चना करने से देवी दुर्गा की खास कृपा होती है। हिंदू धर्म में नवरात्रि को बेहद पवित्र माना गया है। इस दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाती है। इन नौ दिनों में माता रानी की पूजा-अर्चना करने से विशेष फलों की प्राप्ति होती है। जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी शहर के मरीह माता मंदिर में श्रद्धालुओं के द्वारा नवरात्रि के पहले दिन गुडी पड़वा का पर्व मनाया जाएगा।

# दलित बस्ती में जलसंकट समस्या को हल करने के पीएचई मंत्री सम्पतिया उईके ने दिये निर्देश

सीहोर (निप्र)। अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री ने आष्टा के ग्राम झरखेड़ी में जलसंकट को देखते हुए दलित बस्ती में पीएचई मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके से ग्रामीणजनों के साथ पेयजल समस्या के निराकरण की मांग की। इस अवसर पर श्री खंगराले ने बताया कि पूर्व में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा आयुक्त राजस्व भोपाल संभाग सचिव अनुसूचित जाति आयोग, कलेक्टर, प्रमुख अभियंता, कार्यपालन यंत्री सीहोर प्रदीप सक्सेना, नलजन योजना प्रभारी ई. प्रवीण सक्सेना तथा सहायक यंत्री आष्टा जिज्ञासा दिक्षित को भी समय-समय पर ग्राम की दलित बस्ती में अनुसूचित जाति के चन्दर सिंह केथवाल के घर के पास नलकूप खनन कराये की मांग की गई। मंत्री श्रीमती उईके द्वारा दलित बस्ती में पेयजल की भीषण समस्या को देखते हुए निराकरण के निर्देश प्रदान किये गये। इस मौके पर प्रमुख रूप से के.जी.बैरागी, नितिन जोहरी, सक्षम पालिवाल, अंकित शर्मा, एस.के.फरेला, राजकुमार चौधरी ठेकेदार, अनुसूचित जाति के ग्रामीणजनों में सरपंच रघुवर सिंह सेंधव पटेल, सचिव प्रकाश खत्री, रतनसिंह, चन्दरसिंह जांगड़ा, बाबूलाल जांगड़ा, भारत कैलाश, कृपाल सिंह, आजाद सिंह, प्रेम बाई, सावित्री बाई, सुशीला बाई, पूजा बाई, मानूबाई संगीता बाई सहित जांगड़ा समाज के लोग उपस्थित थे।



# किसान भाई परंपरागत खेती की ओर बढ़ें -मीणा

सीहोर (निप्र)। आधुनिक युग में किसान अपनी खेती में खड़ी फसलों में कीटो को नियंत्रण करने और उत्पादन बड़ाने के लिए विभिन्न कंपनी की दवाईयां उपयोग कर रहे हैं, अगर इस पद्धति को नही सुधरा गया तो 15 - 20 वर्षों में किसान अपनी जमीन को नही बचा पाएंगे शिवशक्ति वायो ग्रुप द्वारा गाँव - गाँव जाकर किसान संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ग्राम सनकोटा में एक किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें ग्रुप लीडर शेरसिंह और नर्मदा प्रसाद ने किसान भाईयों को बताया जो कि अपनी परम्परागत खेती से भटक कर रसायनिक खाद एवं उर्वक की ओर चले गये है उसकी जानकारी दे कर बताया जा रहा है कि जैविक खेती में ही किसान भाईयों का भविष्य सुरक्षित है तथा कम कीमत में जीवाणु भूमि की संरचना को सुधारते है जैविक खाद एवं दवाईयों के प्रयोग से भूमि की उर्वक शक्ति बढती है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे विधायक सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक

### ग्राम खजुरिया कला से होगी सीहोर विकासखंड मे जल गंगा संवर्धन की शुरुआत

सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में 30 मार्च को इस अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। अभियान के शुभारंभ अवसर पर सीहोर विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम ग्राम खजुरिया कला में 30 मार्च को प्रात: 10:30 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नावड़ी बाई सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक शामिल होंगे। जनपद पंचायत सीहोर क्षेत्र में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत सहित कुल 818 कार्यों को चिन्हांकित कर प्रत्येक ग्राम पंचायत में कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उददेश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है।



इस अभियान के अन्तर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से मुख्यत जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करना है। इसके साथ ही जल स्त्रोत में प्रदूषण कम करना, साफ सफाई करना, पौधरोपण के कार्य किए जाएंगे। जल संरक्षण जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस अभियान का क्रियान्वयन अनेक विभाग मिलकर करेंगे।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com